हरिभूमि
# रायपुर भूमि



फोटो: अजय साहू

शासकीय पशु चिकित्सालयों में गाय, बैल, भैंस, बकरी के लिए पर्याप्त दवाएं, क्योंकि ये पशुधन श्रेणी में

सत्र 2023-24 में बजट ही खर्च नहीं कर सका था पशुधन विकास विभाग

# कुत्ते-बिल्लियों की दवाओं का स्टॉक खत्म... क्योंकि ये दूध नहीं देते!

## कुत्ते-बिल्लियों की नसबंदी से लेकर वैक्सीनेशन तक के लिए खुद लेकर आनी पड़ रही दवाइयां

- **केस-1.** प्रोफेसर कॉलोनी निवासी सोनाली सिंह अपने कुत्ते का इलाज कराने गुरुवार सुबह पंडरी स्थित राज्य शासकीय पशु चिकित्सालय पहुंचीं। यहां चिकित्सकों ने उन्हें दवाइयों की पर्ची थमाई जो उन्हें बाहर से लेकर आनी थी। बजट नहीं होने के कारण वो केवल एक जरूरी दवाई लेकर ही आ सकीं। नम आंखों से उन्होंने बताया, कुत्ता कई दिनों से बीमार है। अपने बच्चों की फीस रोक कर इलाज करवा रही हैं।
- **केस-2.** अपर्णा व्यक्तिगत रूप से गलियों में घूमने वाली बिल्लियों का रेस्क्यू करती हैं। वे एक बिल्ली की नसबंदी कराने पंडरी अस्पताल पहुंचीं। उन्हें एनेस्थीसिया से लेकर अन्य चीजें मेडिकल से लेकर आने कहा गया। इसके लिए उन्होंने 4 हजार रुपए चुकाए।
- **केस-3.** दसवीं कक्षा का छात्र आयुष अपनी 6 माह की फीमेल डॉग मिली को लेकर बैरनबाजार शासकीय अस्पताल पहुंचा। उन्हें 8-इन-1 वैक्सीनेशन लेकर आने कहा गया, जिसकी कीमत 900 रुपए है। अगले दो माह तक उन्हें यह इंजेक्शन अपने पालतू को लगाना होगा।
- **केस-4.** संतोष नगर निवासी पूजा केसरवानी अपने कुत्ते लकी को लेकर बैरनबाजार शासकीय अस्पताल पहुंचीं। उनके कुत्ते के लिए भी 900 रुपए कीमती इंजेक्शन बाहर मेडिकल स्टोर से खरीदकर लाने कहा गया। मध्यवर्गीय परिवार से होने के कारण इलाज के लिए बजट की समस्या उनके चेहरे पर दिख रही थी।
- **केस-5.** हृदयांगना राजपूत अश्विनी नगर में रहती हैं। फीमेल डॉग रूबी बीते 6 साल से उनके परिवार का हिस्सा है। डिहाइड्रेशन होने पर वे अपने पालतू को अस्पताल लेकर आईं। उसे ड्रिप चढ़ाया गया, जिसे बाजार से खरीदकर लाना पड़ा।

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर


हरिभूमि लाइव

अगर आपके पास कुत्ते-बिल्ली हैं और उनका इलाज आप शासकीय पशु चिकित्सालय में कराने की सोच रहे हैं तो जेबें ढीली करने के लिए तैयार रहिए, क्योंकि शासकीय पशु चिकित्सालयों में गाय, भैंस, बैल, बकरी, ऊंट सहित उन पशुओं के लिए ही पर्याप्त रूप से दवाइयां और सुविधाएं हैं जो दूध देते हैं अथवा किसी भी तरह से आर्थिक लाभ का जरिया हैं। कुत्ते और बिल्ली जैसे जानवरों के लिए दवाइयों का स्टॉक वित्तीय वर्ष समाप्त होते-होते खत्म हो जाता है। शासन द्वारा इनके लिए अधिक बजट रखा भी नहीं जाता और ना ही अधिक दवाइयों की खरीदी इनके लिए की जाती है, क्योंकि ये दूध नहीं देते अर्थात ये पशुधन में शामिल नहीं हैं।

हरिभूमि की टीम ने राजधानी रायपुर के पृथक-पृथक शासकीय पशु चिकित्सालयों का सर्वे किया। यहां एक बात जो सामान्य रही वह यह कि यहां बड़े और पशुधन माने जाने वाले जानवरों के लिए सुविधाएं और दवाइयां थीं, लेकिन कुत्ते-बिल्ली की दवाओं के लिए लोग भटकते दिखे। पड़ताल में सामने आया कि शासन द्वारा कुत्ते-बिल्ली की दवाइयों का स्टॉक ही कम आता है। वित्तीय वर्ष के अंत में इनके लिए दवाइयों की सर्वाधिक किल्लत होती है। जब वित्तीय वर्ष 2025-26 के ▶▶|शेष पेज 15 पर









### एनेस्थीसिया, वैक्सीन की किल्लत

शासकीय अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक भी कई गरीब पशुप्रेमियों के लिए दवाई का जुगाड़ करते नजर आए। अपने स्तर पर वे भी व्यवस्था बनाए रखने जूझ रहे हैं।कुत्ते-बिल्लियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली एनेस्थीसिया और उन्हें प्रतिमाह लगने वाली वैक्सीन की सर्वाधिक किल्ल्त है। रेबीज के इंजेक्शन तो उपलब्ध हैं, लेकिन अन्य बीमारियों के इंजेक्शन नहीं हैं। ऑपरेशन किए जाने की स्थिति में एनेस्थीसिया भी पशु मालिकों को खुद ही लेकर आना होता है। कई अस्पतालों द्वारा सोनोग्राफी मशीन सहित इन दवाइयों के लिए मांग पत्र समय-समय पर भेजा जाता रहा है, लेकिन कोई विशेष प्रतिक्रिया शासन की तरफ से नहीं मिली।



सोनाली सिंह



हृदयांगना राजपूत



पूजा केसरवानी

### जो उपलब्ध नहीं, वे ही मंगाते हैं

*दवाइयों की विशेष किल्लत नहीं है। जो दवाइयां शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध नहीं है, वे ही मंगाते हैं।*

*- डॉ.पद्म जैन, शासकीय पशु चिकित्सालय बैरनबाजार*

### जेम पोर्टल से खरीदी

*पशु चिकित्सालयों के लिए भी नियमानुसार जेम पोर्टल से खरीदी होती है। दवाइयों का स्टॉक हमें शासन स्तर पर उपलब्ध कराया जाता है। यदि कोई दवाई अस्पताल में है, तो उसे बाहर से खरीदकर लाने के लिए नहीं कहते।*

*- डॉ.दीपक चंद्राकर, उप संचालक, राज्य स्तरीय पशु चिकित्सालय*

# पीएससी घोटाले में होटल, कोचिंग सेंटर, रेस्ट हाउस में सीबीआई की दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रायपुर, महासमुंद के पांच अलग-अलग ठिकानों पर जांच

सीजीपीएससी परीक्षा घोटाले की जांच कर रही सीबीआई द्वारा रायपुर तथा महासमुंद के पांच अलग-अलग ठिकानों में बुधवार को छापे की कार्रवाई किए जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। सीबीआई ने जिन ठिकानों में छापे की कार्रवाई की है, उन जगहों से साक्ष्य के रूप में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के साथ महत्वपूर्ण दस्तावेज सीबीआई के हाथ लगने की जानकारी सूत्रों ने दी है।

सूत्रों के मुताबिक सीबीआई की टीम ने रायपुर में फूलचौक स्थित एक होटल के साथ सिविल लाइंस स्थित एक कोचिंग सेंटर में तथा महासमुंद में एक फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में छापे की कार्रवाई की है।



सीबीआई के अफसरों द्वारा कुल पांच स्थानों में छापे की कार्रवाई किए जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। सीबीआई ने जिन ठिकानों में छापे की कार्रवाई की है, सूत्रों ने दावा किया है कि उन जगहों में सीजीपीएससी के पेपर साल्व किए गए हैं। इस वजह से सीबीआई ने वहां छापे की कार्रवाई की है।

### गड़बड़ी में कुछ और लोगों के नाम सामने आए

सीजीपीएससी परीक्षा भर्ती घोटाला मामले में बुधवार की कार्रवाई में कुछ और नए संदेहियों के नाम सामने आने का सूत्रों ने दावा किया है। जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, उनमें नौकरशाह से जुड़े लोग तथा कुछ मिडिएटर के नाम शामिल हैं। सीबीआई उन संदेहियों को आने वाले दिनों में पूछताछ के लिए तलब कर सकती है। बुधवार की कार्रवाई को लेकर सीबीआई के अफसरों ने अब तक कोई अधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं की है।

# मध्यप्रदेश से मंगाया नकली पनीर, खाद्य विभाग ने जब्त किया साढ़े आठ क्विंटल, जांच के लिए भेजा

## सौरभ शर्मा के बोरियाखुर्द स्थित यार्ड में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मध्यप्रदेश से मंगाकर होटल, कैटरिंग संचालकों को कर रहा था आपूर्ति

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बोरियाखुर्द, गोकुल नगर के एक यार्ड में छापे की कार्रवाई करते हुए साढ़े आठ क्विंटल नकली पनीर जब्त किया है। जब्त पनीर मध्यप्रदेश निर्मित है। खाद्य विभाग की टीम ने जब्त पनीर में से साढ़े छह किलो पनीर सैंपल जांच के लिए लैब भेजा है। विभागीय अफसर लैब रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सौरभ शर्मा के यार्ड में छापे की कार्रवाई की है। मौके पर पहुंचे अफसरों ने सौरभ से पनीर मंगाने के वैध दस्तावेज पेश करने के लिए कहा, तो वह अफसरों को पनीर मंगाने के दस्तावेज पेश नहीं कर पाया और गोलमोल जवाब देकर बचने की कोशिश की। यार्ड में जहां पनीर को रखा गया था, वहां बदबू के साथ काफी गंदगी पाई गई। पनीर ढाई-ढाई सौ ग्राम के पैकेट के रूप में प्लास्टिक पैकेट में भरा हुआ मिला। ▶▶|शेष पेज 15 पर



### मध्यप्रदेश के रास्ते बड़े पैमाने पर पहुंच रहा नकली पनीर

शादी सीजन शुरू होने के साथ ही लोगों को जरूरत के हिसाब से पनीर सहित अन्य डेयरी उत्पाद उपलब्ध कराने मुनाफाखोर मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से नकली डेयरी उत्पाद बड़े पैमाने पर मंगा कर खपा रहे हैं। ऐसे लोगों पर नकेल कसने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को आने वाले दिनों में कार्रवाई और तेज करनी होगी।

### होटल, कैटरिंग संचालकों को खपाने की तैयारी

वर्तमान में शादी का सीजन चल रहा है। ऐसे में बाजार में पनीर सहित अन्य दुग्ध उत्पादों की मांग पहले से कई गुना ज्यादा बढ़ गई है। पनीर सहित अन्य दुग्ध उत्पादन की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता नहीं हो पाने की वजह से नकली पनीर मध्यप्रदेश से मंगाए जाने की आशंका है। विभागीय अफसरों के अनुसार मंगाए गए पनीर को सौरभ रिटेल डेयरी संचालकों को बेचने के बजाय बड़े होटल तथा कैटरिंग संचालकों को आपूर्ति करने मध्यप्रदेश से मंगाया था।

### कीमत में अंतर इसलिए मंगा रहे अमानक पनीर

बाजार में शुद्ध तथा असली पनीर की कीमत थोक में तीन सौ रुपए किलो है और नकली पनीर महज दो से ढाई सौ रुपए किलो में मिल जाता है। असली तथा नकली पनीर में कीमत में अंतर होने की वजह से भी मुनाफाखोर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करते हुए नकली पनीर मंगाकर बेचने का काम कर रहे हैं।

### पूर्व में चकमा देकर फरार हो चुका है

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने तीन माह पूर्व रेलवे स्टेशन माल गोदाम के पास कार्रवाई करते हुए सौरभ को चार क्विंटल पनीर के साथ पकड़ा था, तब सौरभ अफसरों को चकमा देकर पनीर लेकर मौके से फरार हो गया था।

# रवि भवन में छापा, पांच दुकानों में काम करते मिले आधा दर्जन नाबालिग



- पुलिस, बाल विकास विभाग और एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन की टीम ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नाबालिग बच्चों से श्रम कराना कानूनी अपराध होने के बाद भी कई व्यापारी एवं कारोबारी बेखौफ होकर बच्चों को काम पर रखकर उनसे श्रम करा रहे हैं। राजधानी रायपुर स्थित जयस्तंभ चौक स्थित व्यावसायिक काम्पलेक्स रवि भवन में गुरुवार को जिला पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग और एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान 5 दुकानों में आधा दर्जन नाबालिग काम करते मिले। इन बच्चों को दुकान संचालकों द्वारा नौकरी पर रखकर काम कराया जा रहा था। टीम ने सभी बच्चों के परिजनों का पता लगाने तक बाल ▶▶|शेष पेज 15 पर



### सूचना पर की गई छापामारी

*प्रशासन को सूचना मिली थी कि रवि भवन में कई मोबाइल, वॉच सहित अन्य इलेक्ट्रानिक दुकानों में नाबालिग बच्चों से काम कराया जा रहा है। इसके बाद कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिला पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग और एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन की संयुक्त टीम ने दोपहर करीब 3 बजे रवि भवन में छापा मारा। इस दौरान कई दुकानों की जांच की गई। जांच के दौरान 5 दुकानों में 6 नाबालिग बच्चे काम करते मिले। इनमें दो बालिका एवं 4 बालक हैं। सभी बच्चे 15 से 16 वर्ष के हैं।*

### दुकान संचालकों पर एफआईआर

इधर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर ने बताया कि जिन दुकानों में नाबालिग बच्चों से काम कराया जा रहा था, उन सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए गोलबाजार थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। सभी दुकानदारें के विरुद्ध किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 तथा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियम) अधिनियम 1986 की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कराया जा रहा है।

## ट्रैक मशीनों से पटरियों का किया जा रहा मेंटेनेंस, यात्रियों को मिलेगी राहत

# 130 की रफ्तार पर भी ट्रेन में महसूस नहीं होंगे झटके व हिचकोले, 84 ट्रैक मशीनों से बदल रही ट्रेनों की चाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

चलती ट्रेन में अक्सर कोच के हिलने से यात्रियों को सफर में आराम नहीं मिल पाता, लेकिल अब राजधानी, दुरंतो या शताब्दी जैसी प्रीमियम ट्रेनों के साथ ही सामान्य मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में चैन की नींद लेकर यात्रा कर सकेंगे। लंबे सफर के बाद भी थकावट महसूस नहीं होगी। यात्रियों को सुखद यात्रा का अनुभव कराने पटरी पर रेल ट्रैक मशीन उतारी गई है। अत्याधुनिक मशीन रेलवे ट्रैक को चिकना बनाए रखने में मदद कर रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रतिदिन औसतन 5500 ट्रैक किलोमीटर में 400 से अधिक ट्रेनों का संचालन ▶▶|शेष पेज 15 पर

### 130 किमी तक पहुंच चुकी है रफ्तार

*रेल मिलिंग तकनीक के उपयोग से ट्रेनों की गति 130 किमी/घंटा तक पहुंच चुकी है, जिससे उच्च गति ट्रेनों के अनुरूप ट्रैक रखरखाव और भी महत्वपूर्ण हो गया है। इससे यात्रियों को न केवल चैन की नींद मिलेगी, बल्कि लंबे सफर के बाद भी थकावट महसूस नहीं होगी। बता दें कि आने वाले दिनों में यह रफ्तार और बढ़ेगी। रेल पटरियों की लाइनिंग, लेवलिंग और अलाइनमेंट के साथ, इनके नीचे बिछी गिट्टी (बैलास्ट) का रखरखाव भी अत्यंत आवश्यक है। बैलास्ट न केवल ट्रैक को स्थिरता देती है, बल्कि ट्रेनों के भार को समान रूप से वितरित करके यात्रियों के लिए आरामदायक सफर सुनिश्चित करती है।*




**दक्षिण पूर्व मध्य में प्रतिदिन औसतन 5500 ट्रैक किलोमीटर रेल मार्ग में 400 से अधिक ट्रेनों का संचालन**

### गर्मी में बढ़ जाती हैं टेढ़ा पड़ने की घटनाएं

*लंबे समय तक यात्री ट्रेन या मालगाड़ी चलने से पहिए से ट्रैक घिस जाते हैं। गर्मी में ट्रैक के टेढ़ा होने या जाड़े में दरार पड़ने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। पहले ऐसी स्थिति में ट्रैक को काट कर उस स्थान पर नए ट्रैक जोड़ने पड़ते थे। लंबी रेल पटरी बिछाने के लिए वेल्डिंग की जाती है। लंबे समय तक रेल परिचालन के बाद वेल्डिंग फेल होने का खतरा रहता है। रेल मिलिंग मशीन से अब ऑन स्पॉट मरम्मत की जा रही है। ट्रैक के ऊपरी हिस्से से 1.5 एमएम गहराई तक मशीन से दुरुस्त किया जा सकेगा।*

### 24 घंटे सेवा में जुटी ट्रैक मशीनें

*दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान ट्रैक मशीनों की मदद से ट्रैक अनुरक्षण के कई अहम कार्य सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। इन कार्यों में अब तक 201 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण, 287 किलोमीटर गिट्टी की छनाई, 137 टर्नआउट्स का नवीनीकरण और 7453 किलोमीटर से अधिक ट्रैक की टैंपिंग शामिल है। इन कार्यों को अंजाम देने के लिए रेलवे द्वारा अत्याधुनिक ट्रैक मशीनें सीएसएम, ड्यूमेटिक, एमपीटी, यूनिमेट, एफआरएम, बीआरएम, बीसीएम, पीक्यूआरएस और टी-28 का उपयोग किया जा रहा है। मशीनों के संचालन में करीब 900 कुशल कर्मचारी दिन-रात, हर मौसम में जुटे रहते हैं।*

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## पंजीकृत वाहन में मोबाइल नंबर अपडेट करने बढ़ाई जाएगी काउंटरों की संख्या

# वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के लिए लगाए जाएंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के कार्य में तेजी लाने के लिए अनुबंधित कम्पनियों द्वारा शिविर लगाये जाएंगे। कम्पनियों की यूनिटों में कार्यबल बढ़ाया जाएगा। साथ ही हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने की सुविधा जिला परिवहन कार्यालयों में भी उपलब्ध होगी। परिवहन सचिव एवं आयुक्त एस. प्रकाश ने आज इस कार्य के लिए अनुबंधित कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में इस आशय के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में इस कार्य में आ रही समस्याओं के बारे में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के निर्देश के अनुपालन में राज्य में वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। बैठक में परिवहन सचिव ने वाहन स्वामी के पंजीकृत वाहन में मोबाइल नंबर अपडेट करने के लिए परिवहन कार्यालय में काउण्टरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता को एचएसआरपी लगाने की सरल, सुलभ प्रक्रिया तथा विभागीय वेबसाइट के उपयोग करने के संबंध में जागरूक किया जाए। साथ ही प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता के बीच एचएसआरपी नंबर प्लेट की महत्ता एवं उपयोगिता के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाए। आम जनता की सुविधा के लिए एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के लिए आवेदन की प्रक्रिया तथा संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तर पर भी मोबाईल नंबर जारी किए जाएंगे।

### जिला परिवहन कार्यालयों में एचएसआरपी लगाने की सुविधा उपलब्ध होगी

#### जिला परिवहन कार्यालयों में रहेगी सुविधा

बैठक में अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने फिटमेंट सेंटर के कार्यबल, तकनीकी उपकरणों सहित जिला परिवहन कार्यालयों में आम जनता, वाहन स्वामियों को एचएसआरपी फिटेड कराने की सुविधा मुहैया करायें। इसके अतिरिक्त अनुबंधित कंपनियां विशेष क्षेत्रों में इसके लिए शिविरों का आयोजन करें, जिसमें परिवहन कार्यालय से संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।




#### एचएसआरपी लगाने की यूनिटों में कार्यबल बढ़ाया जाएगा

अनुबंधित कंपनियों को आबंटित जिलों में एचएसआरपी लगाने के लिए उपलब्ध यूनिट, इकाई व कार्यबल में वृद्धि कर कम समय में फिटिंग कार्य करने, एचएसआरपी लगाने के लिए आवेदन की प्रक्रिया, फिटमेंट सुविधा, घर पहुंच सुविधा एवं निर्धारित शुल्क के संबंध में अवगत कराना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। अनुबंधित कम्पनियों के प्रतिनिधियों से कहा गया कि वे जिले में खोले गये फिटमेंट सेंटर, प्रतिनिधि की जानकारी, संपर्क नंबर इत्यादि को सार्वजनिक रूप से आम जनता को उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें।

#### ये थे मौजूद

बैठक में अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर, संयुक्त परिवहन आयुक्त यूबीएस चौहान, उप परिवहन आयुक्त मनोज कुमार ध्रुव, सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी युगेश्वरी वर्मा तथा रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, अंबिकापुर, जगदलपुर, धमतरी, जॉजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़ के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी शामिल हुए। इसके अतिरिक्त अनुबंधित कंपनी रोसमार्टा के मुकेश मल्होत्रा तथा रियल मेजॉन कम्पनी के विश्वजीत मुखर्जी उपस्थित थे।

---

## खबर संक्षेप

### शराब दुकान खोलने को लेकर आक्रोश, विरोध



**रायपुर।** शराब दुकान खोलने को विरोध में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने महोबा बाजार क्षेत्र की आसपास के रहवासियों, महिलाओं के साथ गुरुवार को एक दिवसीय धरना देकर प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसजन भी शामिल हुए। यहां के रहवासियों का कहना है कि पूर्ण शराबबंदी का वादा कर सत्ता में आई भाजपा सरकार अब पूरे प्रदेश में सांय सांय नई शराब दुकानें खोल रही है। ज्ञात हो कि रायपुर पश्चिम विधानसभा के महोबा बाजार स्थित जिस शराब दुकान को रिहायशी इलाका होने की वजह और खासकर महिला सुरक्षा के चलते पूर्व की कांग्रेस सरकार के तत्कालीन विधायक ने विरोध कर बंद कराया था, उसी शराब दुकान को आज भाजपा सरकार खोलने जा रही है। श्री उपाध्याय ने कहा कि अपराध कम करने, युवाओं में बढ़ते नशाखोरी और महिला सुरक्षा को लेकर जिस शराब दुकान को रिहायशी इलाका होने के कारण हमने बंद करवाया था, आज उसी शराब दुकान को वर्तमान भाजपा सरकार और उनके विधायक राजेश मूणत के संरक्षण में खोला जा रहा है, जिससे यहां के रहवासियों, खासकर महिलाओं में काफी आक्रोश है।

### समाधान पेटी में आवेदन के बाद मिला रुका वेतन

**रायपुर।** सुशासन तिहार के तहत समाधान पेटी में आवेदन करने वाले लोगों की समस्याओं का निराकरण भी होने लगा है। एक निजी स्कूल के शिक्षक रामजी वर्मा को नौकरी छोड़ने के बाद उसका वेतन को स्कूल प्रबंधन ने रोक दिया था। शिक्षक ने इसकी शिकायत संबंधी आवेदन समाधान पेटी में डाला। इस शिकायत पर शिक्षा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित स्कूल प्रबंधन को रोका गया वेतन को देने के निर्देश दिए। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने आवेदक को बकाया वेतन की राशि का भुगतान किया।

### लिपिकों ने मांगी पदोन्नति

**रायपुर।** लिपिकों की पदोन्नति, समयमान, वेतनमान एवं नियमितीकरण की मांग को लेकर रायपुर जिला संघ द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। सहायक संचालक अशोक वर्मा एवं सहायक इंदिरा गांधी को कर्मचारियों द्वारा यह ज्ञापन सौंपा गया। संघ का कहना है कि विगत 2-3 वर्षों से इसके लंबित होने के कारण लिपिक कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

---

# किरण देव बोले- कांग्रेस को जमीन और फंड लूटने का अधिकार नहीं

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- जहां कानून अपना काम कर रहा है, वहां कांग्रेस धरना-प्रदर्शन क्यों करना चाहती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किए जाने के बाद पिछले दो दिनों से कांग्रेस ने जिस तरह देश और प्रदेश में झूठा नैरेटिव सेट करके जनमानस में भ्रम फैलाने का काम किया है, वह कोई नई बात नहीं है। कांग्रेस को जमीन और फंड लूटने का अधिकार नहीं है।

श्री देव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, ईडी की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस धरना-प्रदर्शन कर रही है, वह एक राजनीतिक दल के तौर पर कांग्रेस का अधिकार तो है, लेकिन जिस कांग्रेस पर जमीन और सरकारी फण्ड लूटने का आरोप है, वह कांग्रेस उस विषय को लेकर जब धरना-प्रदर्शन करे, तो आश्चर्य होता है। श्री देव ने कहा, इस मामले में ईडी ने एक लंबी जांच प्रक्रिया से गुजरकर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है जिसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल हैं। यह निश्चित है कि इस मामले में कांग्रेस का देश को झकझोर देने वाला षड्यंत्र उजागर हुआ है। अब इस मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने और न्यायपालिका पर दबाव बनाने के लिए कांग्रेस ने अब धरना प्रदर्शन को अपराध संरक्षण का हथियार बना लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं।

#### कांग्रेस से किरण देव के 5 सवाल

श्री देव ने कांग्रेस से 5 सवाल किए और पूछा- जहां कानून अपना काम कर रहा है, वहां कांग्रेस धरना-प्रदर्शन क्यों करना चाहती है। क्या गांधी परिवार पर कोई कानून लागू नहीं होता। क्या गांधी परिवार के लोग देश के कानून से बड़े हैं। जब मामला कोर्ट में चल रहा है, तो प्रदर्शन करना क्या संविधान और कोर्ट की अवमानना नहीं है। गांधी परिवार पर अगर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, तो क्या उनके खिलाफ जांच पर पाबंदी है। गांधी परिवार के लोग प्रदर्शन करवाकर क्या न्याय पालिका पर दवाब डालना चाहते हैं, क्या यह संवैधानिक है। भाजपा सोनिया गांधी और राहुल गांधी से सवाल पूछना चाहती है कि क्या कानून को अपना काम नहीं करना चाहिए। क्या हजारों करोड़ की संपत्ति पर कांग्रेस ने गैरकानूनी तरीकों से षड्यंत्र रचकर कब्जा कर लिया, तो क्या इस पर चुप रहना चाहिए।

---

# निगम, मंडल, आयोग के अध्यक्षों को पदभार के लिए मुख्यमंत्री से समय मिलने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल, आयोग में तीन दर्जन पद बांट दिए हैं। अब जिनको पद दिया गया है, वे लगातार पदभार ग्रहण कर रहे हैं। अब तक 16 ने पदभार ग्रहण कर लिया है। अभी 18 का पदभार बचा है, इनमें से पांच में पेंच है। गुरुवार को लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के प्रफुल्ल विश्वकर्मा से पदभार ग्रहण किया। इसके एक दिन पहले पांच ने पदभार संभाला। इनमें नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सीएसआईडीसी के राजीव अग्रवाल, साहित्य अकादमी के शशांक शर्मा और पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा और राज्य बाल संरक्षण आयोग की डा. वर्णिका शर्मा शामिल हैं। इनके कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री उपस्थित थे। शुक्रवार को मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन के दीपक म्हस्के का पदभार होगा। इसमें भी मुख्यमंत्री शामिल होंगे। अल्पसंख्यक आयोग, राज्य खाद्य आयोग, राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड, समाज कल्याण बोर्ड और सहकारी दुग्ध महासंघ में पेंच फंसा हुआ है। इनमें से दो का पेंच तो जल्द सुलझ जाएगा, लेकिन दो का मामला हाईकोर्ट में है, जबकि एक आयोग के पुराने अध्यक्ष का कार्यकाल जुलाई तक है।

**अब तक 16 ने किया पदभार ग्रहण, अभी 18 का बचा है पदभार, पांच में फंसा है पेंच**

प्रदेश सरकार ने 34 निगम, मंडल और आयोग के लिए पहली बड़ी सूची में 36 भाजपा नेताओं को पदों से नवाजा है। इन नेताओं के पदभार ग्रहण करने का सिलसिला प्रारंभ हुआ है। सबसे पहले क्रेडा के भूपेंद्र सवन्नी ने पदभार ग्रहण किया। इसके कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय पहुंचे। इसके बाद से पदभार ग्रहण करने का क्रम चल रहा है। इसके बाद खनिज विकास निगम के सौरभ सिंह, पाठ्य पुस्तक निगम के राजा पांडेय, मछुआ कल्याण बोर्ड के भरत मटियारा, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के रामप्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री की उपस्थित में पदभार संभाला। रायपुर विकास प्राधिकरण के नंद कुमार साहू और छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के चंदूलाल साहू के पदभार में मुख्यमंत्री श्री साय नहीं पहुंच सके।

#### दो अध्यक्षों के मामले में बड़ा पेंच

जिन पांच अध्यक्षों के मामले में पेंच हैं, उनमें अल्पसंख्यक आयोग और राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड का मामला हाईकोर्ट में है। इसके सुलझने में समय लगेगा। लेकिन समाज कल्याण विभाग और दुग्ध महासंघ का मामला जल्द सुलझ जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार से मंजूरी मिलते ही, इनके अध्यक्षों का पदभार हो जाएगा। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा को जुलाई तक इंतजार करना पड़ेगा। उनका पदभार पुराने अध्यक्ष का कार्यकाल पूरा होने पर ही होगा।

#### इनको मुख्यमंत्री के समय का इंतजार

निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के लोकेश कावड़िया, राज्य वित्त आयोग के श्रीनिवास मद्दी, रजककार विकास बोर्ड के प्रहलाद रजक, श्रम कल्याण मंडल के योगेश दत्त मिश्रा, तेलघानी विकास बोर्ड के जितेंद्र कुमार साहू, आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा, औषधि पादप बोर्ड के विकास मरकाम सहित बचे हुए सभी निगम, मंडल और आयोग के अध्यक्षों को मुख्यमंत्री श्री साय से समय मिलने का इंतजार है। मुख्यमंत्री का समय मिलने पर ही पदभार का कार्यक्रम होगा।

---

# संदीप को 24 घंटे में फिर से नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाया तो आंदोलन

### साहू समाज की कांग्रेस को चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के रायपुर नगर निगम से बागी पार्षद आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बनाया है, जिसके बाद से पार्टी के भीतर हंगामा मच गया है। विरोध में वार्ड नंबर 1 के कांग्रेस पार्षद संदीप साहू ने अपने समर्थकों के साथ राजीव भवन पहुंचकर फैसले के विरोध में अपनी नाराजगी जताई है। वहीं साहू समाज ने भी फैसले से नाराज होकर संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। आकाश तिवारी ने कांग्रेस से टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ा था। वहीं अब कांग्रेस ने उन्हें अपना नेता प्रतिपक्ष बना दिया है, जिसके चलते वार्ड नंबर 1 के कांग्रेस पार्षद संदीप साहू विरोध में उतर आए हैं। वहीं पार्टी के इस फैसले के बाद शहर जिला कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री लीलाधर साहू ने इस्तीफा दे दिया है। मामले में लीलाधर साहू ने कहा, कांग्रेस अगर ये फैसला वापस नहीं लेती, तो साहू समाज के लोग भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रदर्शन करेंगे।

#### पहले संदीप साहू के नाम पर लगी थी मुहर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने नगर निगम बजट के पहले संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष घोषित किया था। इसके लिए आदेश भी जारी कर दिया गया था। पार्षद संदीप साहू ने कहा कि उनकी नियुक्ति पीसीसी की पर्यवेक्षक प्रतिमा चंद्राकर की मौजूदगी में पार्षदों और विधायकों से चर्चा के बाद हुई थी। आगे उन्होंने कहा कि पीसीसी के पर्यवेक्षक ने सभी छाया पार्षदों और विधायकों से चर्चा कर मेरे नाम का ऐलान किया था।

#### पर्यवेक्षकों की सहमति से चुना गया : साहू

मामले को लेकर संदीप साहू ने कहा, इसके लिए नेता प्रतिपक्ष चुनने के लिए चुने हुए नेताओं से भी बात कर नगर निगम आयुक्त और महापौर को लेटर भी भेजा गया था। मैं पार्टी का सच्चा कार्यकर्ता हूं, मुझे सभी पार्षदों और पर्यवेक्षकों की सहमति से चुना गया था, लेकिन जिसने कांग्रेस से बाहर जाकर निर्दलीय लड़ा, उसे वापसी के साथ ही नेता प्रतिपक्ष बना दिया।

#### युवा साहू समाज सौंपेगा निंदा पत्र

इधर साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवदत्त साहू पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज और शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे को एक निंदा पत्र सौंपेंगे। यह मांग की जाएगी कि 24 घंटे के अंदर संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष बनाया जाए। ऐसा न होने पर साहू समाज युवा प्रकोष्ठ विरोध प्रदर्शन करेगा। साहू समाज ने दीपक बैज और प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू से मिलकर ज्ञापन सौंपा है।

---

### वित्त ने सभी विभागों के लिए जारी किए निर्देश

# जब राशि बांटनी हो तभी कोषालय से निकाल सकते हैं, ऐसा न करना गंभीर अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी विभागों सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों, कलेक्टर-कमिश्नरों को निर्देश दिया है कि बजट में शामिल योजनाओं और कार्यों के लिए किए गए प्रावधान से संबंधित राशि का खर्च कैसे करना है। कहा गया है कि कोई भी राशि कोषालय से तब तक आहरित नहीं की जाएगी, जब तक तत्काल वितरण किया जाना अपेक्षित न हो। मांग की प्रत्याशा या बजट अनुदानों के व्यपगत (लैप्स) होने से बचाने के लिए कोषालय से राशि निकालना एक गंभीर वित्तीय अनियमितता है। ऐसे आहरण के लिए दोषी व्यक्ति अनुशासिक कार्रवाई का भागी होगा। वित्त विभाग ने यह निर्देश राज्य के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टर को भेजा है। निर्देश में कई बिंदुओं के आधार पर कई बातें कहीं गई हैं। राज्य की संचित निधि से आहरण तभी किया जाना चाहिए तब कार्य कर लिया गया हो या उसके भुगतान का देयक प्राप्त हो गया हो।




#### बजट में उपलब्ध राशि से अधिक दायित्व न बनाएं

वित्त विभाग ने कहा है कि यह देखने में आया है कि कतिपय विभागों द्वारा कुछ मदों में बजट से व्यय हेतु उपलब्ध राशि से अधिक राशि के दायित्व निर्मित कर लिये जाते है एवं भुगतान हेतु वित्त विभाग से अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है। यह प्रक्रिया उचित नहीं है। ऐसे प्रकरणों में जहां बजट प्रावधान से अधिक राशि के व्यय की स्वीकृति आवश्यक हो, प्रशासकीय विभाग के माध्यम से अतिरिक्त दायित्व निर्मित करने के पूर्व कारण एवं औचित्य सहित वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजकर पूर्वानुमति लिया जाना चाहिए। ऐसा नहीं करने की स्थिति में प्रशासकीय विभाग द्वारा उत्तरदायित्व निर्धारण की कार्यवाही की जाये एवं किसी भी स्थिति में अतिरिक्त दायित्व हेतु राशि उपलब्ध कराने के लिए वित्त विभाग बाध्य नहीं होगा।

#### पहले काम फिर वित्त से अनुमति नहीं चलेगी

कुछ प्रकरणों में विभागों कार्यालयों द्वारा बिना वित्त विभाग की पुर्वानुमति के वाहन किराये पर लेकर भुगतान हेतु अतिरिक्त राशि की मांग वित्त विभाग से की जाती है। इसी प्रकार सड़कों के संधारण एवं अनुरक्षण गदों में भी बजट प्रावधान से अधिक राशि की स्वीकृतियां जारी कर अतिरिक्त दायित्व निर्मित किये जाते हैं। यह वित्तीय अनुशासन का उल्लघन है एवं अतिरिका दायित्व निर्मित होने पर संसाधनों पर दबाव की स्थिति निर्मित होती है तथा कार्य एजेंसी सेवा प्रदाता को समय पर भुगतान नहीं हो पाता है। यह स्थिति उचित नहीं है. अतः विभागों द्वारा भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न की जाये।

श्रद्धांजलि सभा



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
डॉ. श्रीमती उषा धुप्पड़ ( धर्मपत्नी - सुभाष धुप्पड़)
का दुःखद देहावसान मंगलवार दिनांक 15 अप्रैल 2025 को हो गया है।
विधि का विधान अटल है और इसके समक्ष हम सभी नतमस्तक है

ब्रम्हलीन आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा
**शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025** को शाम 4 बजे रखी गई है।

**स्थान**
**श्री रामनाथ भीमसेन सभा भवन**
**समता कॉलोनी रायपुर**

◆ शोक-संतप्त ◆
श्रीमती स्वर्णलता श्री राम धुप्पड़
सुभाष धुप्पड़

◆शोकाकुल◆
श्रीमती कोमल मनीष धुप्पड़
श्रीमती शैलजा सुनील धुप्पड़
श्रीमती रचना गौरव धुप्पड़
कुमारी तमन्ना धुप्पड़
श्रीमती रेणु राजकुमार दुआ
श्रीमती नीरू अश्विन मग्गू

**फर्म:**
छत्तीसगढ़ ऑटो केयर, जी.ई. रोड,
राजधानी ऑटो केयर, तेलीबांधा रायपुर
छत्तीसगढ़ फेरो ट्रेड प्रा.लि., उरला रायपुर

Khanna

गौमाता से करो प्यार _ खुल जाएंगे समृध्दि के द्वार ,,,, अग्र सेवा सोसायटी

## खबर संक्षेप

### मिथलेश्वरी संस्कृति ज्ञान परीक्षा में द्वितीय



**आरंग।** सरस्वती ज्ञानदीप स्कूल आरंग की छात्रा मिथलेश्वरी लोधी 8वीं ने गायत्री शक्तिपीठ द्वारा आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा में आरंग विकासखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल व नगर का गौरव बढ़ाया। इस पर प्रधानाचार्य देव कुमारी यादव, संचालक अनुपनाथ योगी, शाला विकास समिति अध्यक्छ संतोष कुमार साहू, उपाध्याक्छ प्रदीप ने बधाई दी।

### बेलर में मानसगान सम्मलेन आज से

**अभनपुर।** श्री राम जानकी नवजागरण समिति व ग्रामवासी के सहयोग से ग्राम बेलर में त्रि दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मलेन व तिहार का आयोजन 18 से 20 अप्रैल तक रखा गया है। श्रीराम यादव ने बताया कि सम्मेलन मे प्रदेश सहित आसपास के ख्याति प्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुती देगी। आयोजन समिति ने क्षेत्र के लोगो को अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचकर मानस श्रवण करने की अपील की है।

### गुखेरा के राजस्व पखवाड़ा शिविर में आवेदनों का किया निराकरण

**आरंग।** गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पेंद्र शर्मा एवं तहसीलदार सीता शुक्ला के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत गुखेरा में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों से प्राप्त आवेदनों जैसे नामांतरण, ऋण पुस्तिका नवीनीकरण एवं मूल निवास, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र पर कार्यवाही की गई एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां पटवारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा दी गई। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि पुरुषोत्तम सोनवानी, उप सरपंच प्रतिनिधि घासी कुर्रे, पंचगण रेखराज देवांगन, डेविड ढीढी, कुशल देवांगन, परशु रात्रे आदि व दिलीप कुर्रे, साखा राम बारले, रूपेश करकेल, हिम्मत भारती व ग्रामवासियों की सहभागिता रही।

### सतनामी समाज का सम्मान समारोह आज

**अभनपुर।** सतनामी समाज अभनपुर के तत्वाधान में 18 अप्रैल को चंडी मोड़ भक्तिन कुटी अभनपुर में विधानसभा के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य,जनपद सदस्य,सरपंच,पंच एवं नगर पालिका के पार्षद सहित सतनामी समाज के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह रखा गया है।

## कार्रवाई : स्टील की पेटी के अंदर 30 किलो गांजा को छुपा कर रखा था

# किराए के मकान में चल रहा था नशे का कारोबार तीन लाख रुपए के गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग



आरंग पुलिस ने आरंग पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 16 बैहार में किराए के मकान में मादक पदार्थ का अवैध कारोबार कर रहे तीन आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि ग्राम बैहार में संतोष साहू के मकान में कुछ लोग गांजा बिक्री के लिए लाना ले जाना कर रहे थे। जिसकी सूचना पर सउनि छबिराम साहू, हमराह प्रधान आरक्षक 1367 सैनिक 612, 652 द्वारा बोलेरो वाहन क्र. सीजी 04 एनएन 5346 में रवाना होकर ग्राम बैहार मे संतोष साहू के मकान अंदर जाकर देखने पर मकान मे तीन व्यक्ति मिले नाम पता पूछने पर तीनो ने अपना-अपना नाम तुषार देवांगन पिता स्व. रेखराज देवागंन उम्र 25 साल साकिन नेताजी चौक आरंग, बलराम साहू पिता स्व. देवनारायण साहू उम्र 24 साल साकिन बरगुडी पारा आंरग, मोहन साहू पिता विनोद साहू उम्र 19 साल साकिन साहू पारा आरंग बताया। तलाशी लेने पर कमरे से एक स्टील की बड़ी पेटी जिसके अंदर 30 पैकेट मादक पदार्थ गांजा प्रत्येक मानक वजन 01-01 किलो जुमला 30 किलोग्राम किमती करीबन 3 लाख रु. के साथ पैंकिग टेप एवं इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन को मौके पर समक्ष गवाह जप्त किया गया। आरोपीगणो का कृत्य धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से मौके पर देहाती नालसी अपराध कमांक 00/2025 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट कायम कर असल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### स्कीम का प्रलोभन देकर 6.83 लाख की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार




**तिल्दा नेवरा।** झूठा प्रलोभन देकर स्कीम चलाकर रकम प्राप्त कर धोखाधडी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 2500 रुपए प्रतिमाह की दर से करा रहा था रकम जमा लाभ कमाने के लिए छलपूर्वक कुल 6,83,500 रुपए लोगों से जमा कराया। प्रार्थी नेभन कुमार ताम्रकार ने नेवरा थाना में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ऋषभ गोयल निवासी नेवरा का जो खरोरा में ऋषभ ऑटो मोबाईल्स में एक स्कीम चलाया है जिसमें 2500 रुपये हर महीना जमा करना है, तथा उसके बाद में 24 माह पूर्ण होने के बाद एक साथ 60 हजार रुपये वापस मिलेगा और यदि पैसा नहीं चाहिए तो एक टीवीएस कंपनी का दोपहिया वाहन मिलेगा तथा हर माह एक लक्की ड्रा निकाला जायेगा जिसमें जिस व्यक्ति का नाम निकलेगा उसे उसी माह नगद 60,000 रुपए अथवा एक टीवीएस कंपनी का दोपहिया वाहन दिया जायेगा। ऋषभ गोयल के द्वारा स्कीम का पालन न करते हुये प्रार्थी एवं अन्य लोगों को उक्त स्कीम के बारे में बताकर झूठा प्रलोभन देकर आर्थिक लाभ कमाने के उद्धेश्य से छलपूर्वक पैसा जमा करवाकर कुल 6,83,500 रुपए प्राप्त कर धोखाधडी किया गया है। रिपोर्ट पर नेवरा पुलिस द्वारा अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। और आज आरोपी ऋषभ गोयल उर्फ चिंटू पिता दीपक गोयल उम्र 30 वर्ष नेवरा निवासी को धारा 318(4) के तहत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड के लिए न्यायालय रवाना किया गया है।

## कोटा चांपा जनसुनवाई में रोजगार के मुद्दे पर समर्थन की बनी सहमति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा

मेसर्स श्री राधे शक्ति स्पंज एंड पॉवर प्राइवेट लिमिटेड ग्राम चांपा कोटा में खोले जाने के लिए जनसुनवाई आहूत की गई। सुबह लगभग 11 बजे तिल्दा क्षेत्र के ग्राम चांपा कोटा की जमीन पर खुलने वाले मेसर्स शक्ति स्पंज एंड पॉवर प्राइवेट लिमिटेड प्लांट के लिए जनसुनवाई प्रारंभ हुई।

जहां प्लांट के समर्थन में कांग्रेस भाजपा से जुड़े लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे थे। साथ ही कई जनप्रतिनिधि भी उपस्थित हुए। जनप्रतिनिधियों व कई ग्रामीणों ने प्रदूषण नहीं करने एवं स्थानीय बेरोजगारों को नौकरी देने की मांग पर प्लांट का समर्थन किया। जनसुनवाई में एडीएम देवेंद पटेल, नायब तहसीलदार विपिन पटेल, थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम, ग्रामीण एएसपी कीर्तन राठौर सहित आस पास थाने से थानेदार व बड़ी संख्या में पुलिस बल, पर्यावरण के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### बाउंड्रीवॉल को असामाजिक तत्वों ने तोड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सड्डू के सेक्टर-1 में कॉलोनी विकास समिति की मांग पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सामुदायिक भवन बनाया गया था। इस भवन परिसर के आसपास पंप रूम, पानी टंकी तथा समिति का कार्यालय स्थित है। इस परिसर के शासकीय भूमि में अवैध कब्जों को देखते हुए छग गृह निर्माण मंडल की अनुमति से बाउंड्रीवॉल बनवाया गया था। इस बाउंड्रीवॉल को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया है। इस कारण आसपास के लोग भयभीत है तथा शासकीय संपत्ति की सुरक्षा के प्रति चिंता बढ़ गई है।

## प्रदेश महिला पर्यवेक्षक संघ सचिव की हड़ताल का समर्थन एवं सचिव के प्रभार लेने से इंकार



**आरंग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आव्हान पर जनपद पंचायत आरंग के ब्लॉक इकाई आरंग के सचिव संघ द्वारा जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के 31वें दिन हड़ताल स्थल पर उपस्थित होकर महिला पर्यवेक्षक संघ प्रांताध्यक्ष ऋतु परिहार और साथियों ने सचिव संघ के हड़ताल का पूर्ण समर्थन किया। साथ ही सचिव के प्रभार का दायित्व सौंपने के आदेश का बहिष्कार किया गया। ज्ञात हो कि सचिव संघ के एक सूत्रीय मांग 2 वर्ष परीक्षा अवधि समाप्ति पश्चात शासकीयकरण करने 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा मोदी की गारंटी में शामिल कर वादा किया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री द्वारा मोदी की गारंटी अंतर्गत सचिव के शासकीयकरण करने के लिए 16 जुलाई 2024 को कमेटी बनाया गया, जिसका रिपोर्ट 30 दिन के भीतर सौंपने का निर्देश मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया था। जिसमें आज तक कोई निर्णय नहीं होने से सचिव संघ अनिश्चित कालीन हड़ताल में बैठे है एवं इसी कड़ी में आंदोलन को उग्र करते हुए पंचायत सचिवों द्वारा दिल्ली कूच कर जंतर-मंतर पर 28 अप्रैल से धरना प्रदर्शन करेंगे। महिला बाल विकास विभाग के महिला पर्यवेक्षक संघ प्रांताध्यक्ष ऋतु परिहार के साथ अन्य पर्यवेक्षक रानो ठाकुर गोस्वामी, सरस्वती सोनी, अज्जू तिर्की एक्का, निर्मला खलखो सहित सचिव संघ आरंग के अध्यक्ष हरमोहन बांधे, पूर्व प्रांताध्यक्ष घनश्याम दास घिधौड़े, योगेंद्र अग्रवाल, दाऊलाल धीवर, जोहत धीवर, कल्याण डहरिया, पुनेश्वरी साहू, गायत्री शर्मा, दिलीप कुमार साहू, दाऊलाल धीवर, मेहतरु राम धीवर, शिवकुमार साहू, कुलेश्वर देवदास, लोकनाथ साहू, यशवंत कन्नौजे, गंगा प्रसाद साहू, भुवन ठाकुर, कौशल साहू, सुनीत मिरी, पूर्णिमा वर्मा, पुनेश्वरी साहू, अंजू साहू, ईश्वरी देशलहरे, सुषमा नागरची, लोकेश्वरी बांधे सहित समस्त सचिव उपस्थित रहे।



## समर कैंप में आत्मरक्षा के गुर सीख रहे बच्चे

**आरंग।** कर्मा विद्यालय समोदा में 01 से 30 अप्रैल तक समर कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें बच्चो को डेटिंग, पेंटिंग एक्टिविटी, वस्तुओ की पहचान, क्राफ्ट पेपरों से चीजे बनाना, चित्र बनाना, कलरिंग, लर्न गेम, दौड़ना, अक्षर पहचानना, सामान्य गतिविधि, स्वच्छता सबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्कूल के डायरेक्टर नन्द कुमार साहू ने बताया कि समर कैंप में आरंग युवा एवं खेल संगठन द्वारा संचालित खेल क्लबों से उच्च स्तरीय प्रशिक्षक रानी सगरवंशी ने विद्यालय के विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के साथ-साथ राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तर और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिताओं के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यालय विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, आत्मरक्षा और खेल में भी आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम मे शिक्षकगण नम्रता देवांगन, पूजा साहू, हितेश कुमार साहू, सोमनाथ साहू, टिकेस्वरी मानिकपुरी, सुमन चक्रधारी, इंदु साहू, ज्योति साहू, केयर टेकर रानू साहू, सुनैना साहु ने अपनी सहभागिता दी।

## दलहन-तिलहन व अनाज के रख-रखाव मिट्टी की जोताई, रोपाई की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

शास. कन्या उ. माध्यमिक विद्यालय आरंग के कृषि संकाय (नवीन पाठ्यक्रम) अंतर्गत कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं की 40 छात्रों को प्रशिक्षक ओम प्रकाश साहू के सानिध्य में जी-टू-जी फॉर्म हाउस आरंग (पारागांव) में कृषि संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रशिक्षण दी गई। कार्यक्रम अंतर्गत कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। वहीं शिक्षकों के माध्यम से छात्राओं को जानकारी प्रदत्त की गई। कृषि विभाग से जे.पी. वर्मा ए.स.डी.ओ. आरंग तथा टुमेश देशलहरें ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से छात्राओं को कृषि जगत के विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया गया। इस मौके पर दलहन-तिलहन अनाज के उचित रख-रखाव मिट्टी की जोताई, सफाई, रोपाई, निंदाई आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही मिट्टी के उचित रख-रखाव, खादो का इस्तेमाल, सरकारी योजना अंतर्गत चलाए जा रहे कृषक भाइयों के लिए विभिन्न योजनाएं, रसायनिक खाद, जैविक खाद आदि पर भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। पेड़-पौधों पर लगने वाले विभिन्न प्रकार की बीमारी फंगस, कीट-पतंगों, जड़-तना, पत्तों, फलों आदि की सतत निगरानी करते हुवे उचित उपचार कीटनाशक दवाई व आवश्यक जानकारी दिया गया।

### कृषि कार्य को बढ़ावा देने अपील

*इंटर्नशिप कार्यक्रम अंतर्गत प्रभारी प्राचार्य दिलीप कुमार राहंगडाले तथा विद्यालय के व्याख्याता हरमन कुमार बघेल ने विद्यार्थियों के प्रशिक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण स्थल में विद्यार्थियों से रुबरु होकर कृषि को सतत चलने वाली प्रक्रिया बताया तथा हमारे जीवन को आगे ले जाने में सभी प्रकार के फसलों, अनाजों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कृषि कार्य को बढ़ावा देने अपील किया। इसी क्रम में कृषि से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रश्न को विद्यार्थियों के सम्मुख रखकर उनके समस्या मूलक समस्याओं को हल भी किया। जी-टू-जी फॉर्म हाउस के संचालक अंबर चंद्राकर द्वारा फॉर्म हाउस की विशेषता, गुणों, विभिन्न प्रकार के फलदार वृक्ष उनमें लगने वाली विभिन्न प्रकार के आवश्यक चीजों मिट्टी,पानी खाद आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। तेजराम यादव के विभिन्न प्रकार के खादो की जानकारी विस्तार पूर्वक देते हुए खाद्य में मौजूद पोषक तत्व, मात्रा सभी उपचार, दवाइयों की छिड़काव ड्रोन के माध्यम से कैसे किया जाता है..? इन सभी की जानकारी विद्यार्थियों को फार्म हाउस में ही उपलब्ध करा कर प्रत्यक्ष संचालित कर बताया गया। उनके इस्तेमाल को समय की बचत, उन्नत कृषि का प्रतिरुप बताया। इस इंटर्नशिप कार्यक्रम में रेणुका टोण्डरे, लीशा नारंग, दिलेश्वरी, सानिया माण्डले, साक्षी, रोशनी बंजारे, अनामिका जांगडे, चंद्रकला बर्मन, सामिया, योगिता यादव, गीता, रागनी चित्रकला, यामिनी, लक्ष्मी, ज्योति मानसी, मंजू, अश्वनी, माधुरी, राधा, पुष्पा, नीमा आदि विद्यार्थीयों ने प्रशिक्षण का लाभ लिया।*

**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. 202504112500007/ अ-74 वर्ष 2024-25
ग्राम- बैहार प.ह.नं. 28

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक चन्द्र विजय साहू पिता ईश्वर लाल साहू काश्तकार ग्राम बैहार तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम बैहार प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. व तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 304, 307/1 रकबा क्रमशः 0.020, 0.050 हे. चन्द्र विजय, अक्षय पिता ईश्वर साहू के संयुक्त नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि का मूल किसान असावधानीवश कहीं गुम हो गया है, जिससे कृषि विकास संबंधित कार्य प्रभावित होने के कारण डूप्लीकेट किसान किताब प्रदान किये जाने की निवेदन किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 30.04.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 15.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
आरंग

**-: आम-सूचना :-**

(मौजा ग्राम माना प.ह.नं. 80 रा.नि. मं. रायपुर-18 कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर 925/1 रकबा 0.0250 हे. याने 2700 वर्गफुट भूमि है के संबंध में।)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने (1) संतोष कुमार सिन्हा (2) श्री दशरथ सिन्हा (3) श्री विनोद कुमार सिन्हा तीनो पिता स्व. श्री बोधी राम सिन्हा सभी पता माना बस्ती रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) वर्तमान पता रामसागर पारा रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) ने भूमिस्वामी के हक एवं आधिपत्य की भूमि जो कि मौजा ग्राम माना प.ह०.नं. 80 रा.नि.मं. रायपुर-18 कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर 925/1 रकबा 0.0250 हे. याने 2700 वर्गफूट भूमि है। को क्रय करने हेतु पक्का सौदा तय कर इकरानामा निष्पादित कर चुके है केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, वित्तीय, निकाय, अर्द्धशासकीय, शासकीय आदि को उपरोक्त भूमि/संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी प्रकार से उजर, दावा, या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि भूमि स्वामीगणो को अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 17/04/2025

एन.के. पटेल
हरिश साहू, आशीष तिवारी, कुंदन पटेल
(अधिवक्तागण)
हरिभूमि प्रेस के पीछे छत्तीसगढ नगर
टिकरापारा रायपुर छ.ग.
मो. नं. 94255-10595, 99771-96901

**न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर 03 जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम सलौनी प.ह.नं. 12 रा.प्र.क्र.
202504114000039 / अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीता बरडिया पति अनिल बरडिया निवासी फ्लैट नं. 106 वीवी बिल्डकोण आम्रपाली सोसाइटी के पास पचपेड़ी नाका रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम सलौनी प.ह.नं. 12 रा.नि.म. केन्द्री तहसील अभनपुर स्थित भूखण्ड क्रमांक के 15 खसरा नं. 5/42 का भाग रकबा 4160 वर्गफुट भूमि आवेदिका/क्रेता द्वारा अनावेदक/विक्रेता श्री जयकांत मिश्रा पिता प्रभुदयाल मिश्रा द्वारा मुख्त्यार आम विनायक बिल्डकान द्वारा भागीदार पीयूष जैन पिता पंकज जैन से पंजीकृत संशोधन विक्रय विलेख पत्र दिनांक 23/06/2020 को क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया। आवेदिका द्वारा पंजीकृत संशोधन विक्रय विलेख के आधार पर नामांतरण हेतु भुंईया आर. डी. 202425441631200010 में पेश किया गया। तत्संबंध में राजस्व प्रकरण न्यायालय विचाराधीन है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 05/05/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 11/04/2025 को जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
अभनपुर

### शुलभ शौचालय निर्माण का विरोध

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा में वार्ड नंबर 6 बाजार पारा में वार्डवासी के द्वारा शुलभ शौचालय निर्माण का विरोध किया गया। वार्ड वासीयो का कहना है कि पहले से ही पास मे दो शुलभ शौचालय भवन का निर्मान किया जा चुका जिसका उपयोग नहीं किया जा रहा है उस पर ताला लगा के रखा गया है और नए शुलभ शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। जबकी यहां सामुदायिक भवन कि जरूरत है, जिसमें सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के कार्यक्रम मे आसानी होगी। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष तेजराम देवांगन ने कहा की आम जनता के टेक्स के पैसे को बंदरबाट, बोर खनन एवं शुलभ शौचालय भवन का निर्माण करके किया जा रहा है। जबकी यहां सबसे ज्यादा पानी कि किल्लत है और 100मीटर के अंदर मे सात बोर किया जा चुका है। जिसमें पानी नहीं निकलता है जिनका पाइप लाइन बिछा के समस्या का निदान किया जाना चाहिए।

## पेज 13 के शेष...

### कुत्ते-बिल्लियों की ....

लिए खरीदी का दौर शुरू होगा और दवाइयां की सप्लाई होगी, तब ही यह संकट खत्म होगा।

**पशुप्रेमियों को सर्वाधिक आर्थिक संकट**

शौकिया तौर पर ऊंचे नस्ल वाले हजारों-लाखों रूपए कीमती कुत्ते-बिल्ली पालने वाले अभिजात वर्ग को आर्थिक दिक्कतें नहीं उठानी पड़ती। निम्न अथवा मध्यम वर्गीय परिवार जो पशुप्रेम के चलते गली-मोहल्ले में घूमने वाले कुत्ते-बिल्लियों का लालन-पालन करते हैं, उन्हें ही आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। पालतू यदि बीमार हो जाए तो उनके पूरे माह का बजट ही गड़बड़ा जाता है। इसके अलावा व्यक्तिगत रूप से बगैर किसी एनजीओ की मदद लिए रेस्क्यू करने वालों को भी फंड की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

**बच गए थे 9 हजार लाख**

विधानसभा में शासन द्वारा पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में पशु चिकित्सा सेवाएं और पशु स्वास्थ्य सहित अन्य व्यय के लिए पशुधन विकास विभाग द्वारा 37,871.81 लाख का प्रावधान प्रावधान रखा था। इनमें से 9 हजार लाख विभाग खर्च ही नहीं कर पाया था। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 38,324.18 लाख का प्रावधान रखा गया था। इनमें से 23,473.54 लाख ही विभाग दिसंबर 2024 तक खर्च कर सका था। जबकि विशेष पशुपालन कार्यक्रम, पशु चिकित्सालयों की स्थापना सहित अन्य मदों के लिए निर्धारित बजट की अधिकतर राशि वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व ही खर्च की जा चुकी थी।

### मध्यप्रदेश से मंगाया ....

पनीर को फिलहाल सौरभ के सुपुर्दगी में दिया गया है, साथ ही उसे लैब रिपोर्ट आने के पहले पनीर को किसी दूसरी जगह आपूर्ति नहीं करने हिदायत दी गई है।

### रविभवन में छापा, पांच ....

कल्याण समिति के माध्यम से बाल आश्रम एवं बाल केंद्र में संरक्षण दिया है, वहीं दुकान संचालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**इन दुकानों में काम करते मिले बच्चे**

तिरूपति नावेल्टी, मोबाइल गैलेक्सी, बालाजी वॉच, स्मार्ट मोबाइल एवं जय मोबाइल नाम की दुकानें हैं। इनमें से एक दुकान में दो नाबालिग काम करते मिले, वहीं अन्य दुकानों में एक-एक नाबालिग मिले। टीम ने कार्रवाई के बाद सभी नाबालिग बच्चों को उनके परिजनों के मिलने तक बाल आश्रम व केंद्र में रखा है।

### 130 की रफ्तार पर ...

करता है, जिससे रेल पटरियों का समय-समय पर रखरखाव आवश्यक हो जाता है। इस तकनीक से न केवल यात्रियों को झटकों से राहत मिलती है, बल्कि ट्रैक की उम्र भी बढ़ रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में वर्तमान में 84 ट्रैक मशीनें कार्यरत हैं, जो नई लाइन निर्माण एवं कार्यरत लाइनों के अनुरक्षण में अहम भूमिका निभा रही हैं।

### स्वास्थ्य शिविर में नशा से दूर रहने प्रेरित किया



**आरंग।** गुरुवार को सीआरपीएफ कैंप भिलाई द्वारा ग्राम पंचायत चरौदा के सहयोग से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डाक्टरों ने स्कूली बच्चों, शिक्षकों व ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार व परामर्श दिये। इस अवसर सीआरपीएफ कैंप के डा. मनीषा गर्ग ने बच्चों को प्रेरित करते हुए तम्बाकू, गुटखा, खैनी इत्यादि नशा से दूर रहने प्रेरित किया।

**न्यायालय -नरेन्द्र कुमार, पंचम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रायपुर छ.ग.**

प्रकरण क्रमांक -941/23, प्रोसेस क्रमांक 1141
पेशी तारिख 07.05.2025

हिना यादव व अन्य - आवेदक

विरुद्ध

स्वर्ण सिंह व अन्य -अनावेदक

**बनामः- 1. बावा सिंह, पिता स्व. सम्पुरन सिंह, पता 1- पंचकोहा रोड लाईन्स, रिंग रोड 1 तेलीबांधा, रायपुर छ.ग.।, पता 2-फेस-5 हीरापुर, हर्षित विहार, हाऊस नंबर 21, पो. टाटीबंध, रायपुर छ.ग.।**

आवेदक ने अपने विरूद्ध आवेदक पत्र अंतर्गत धारा 166/धारा 163 (अं) मोटर यान अधिनियम 1988 रूपये ...... के क्षतिपूर्ति हेतु संस्थित किया है। आपसे इस अधिकरण के तारिख 07.05.2025 को दिन में प्रातः 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात या उपस्थित होने के लिए समंस किया जाता है आप स्वयं अधिकरण में या किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनूदेश दिये गये हो और जो प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। अधिकरण में आपकी उपस्थिति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन है इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सभी दस्तावेजों को पेश कने के लिये तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी बचाव प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारिख को अधिकरण में उपसंजात नहीं होंगे तो अधिकरण में सूनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

नोटः- यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सूनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावे।

यह आज तारिख . . .को मेरे हस्ताक्षर एवं अधिकरण की मुद्रा लगाकर किया गया है।

मुहर

नरेन्द्र कुमार,
न्या. -पंचम मोटर दुर्घटना
दावा अधिकरण रायपुर छ.ग.

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 11/04/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम टेकारी प.ह.नं. 75 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदक श्री जोगी राम साहू पिता स्व. पंचम साहू द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 412/21, 412/19, 412/17 कुल रकबा 0.2380 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. Q अ-12 वर्ष 2024-25 आदेश दिनांक 04/03/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक 28/04/2025 को समय 12.00 PM बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18

**शपथ पत्र**

मै जयदेव शुक्ला पिता श्री जय नाथ शुक्ला निवासी - ब्लाक 5 बी सडक नं-41 से-10 सिविल सेंटर भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन पेश करता हूँ किः-

1/ यह कि मेरे स्वामित्व व आधीपत्य का मकान जो कि अग्रोहा गृह निर्माण समिति रायपुर रायपुरा प.ह.नं. 57 खसरा नं- 379/4 रकबा 2400 व. फु. भूमि जो कि मेरे नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है।

2/ यह कि उक्त भूमि को मै विक्रय करना चाहता हूं इसके लिए मुझे आपके संस्था से अन्नापति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के संबंध में यह शपथ पत्र पेश करता हूँ।

3/ यह कि उक्त संपत्ति को आज दिन तक किसी प्रकार का बैंक बंधक रहन गहन नही किया गया है पूर्ण रूप से पाक व साफ है।

**सत्यापन**

यह कि सत्यापित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार दी गई जानकारी सत्य व सही है।

दिनांक 16/04/25 शपथकर्ता

**:: शपथ पत्र ::**

मैं शपथकर्ता श्रीमती द्रोपदी सोनी पति श्रवण सोनी निवासी नियर एजाज सायकल स्टोर नेहरू नगर, रायपुर छ.ग. जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करती हूं कि-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरी पुत्री "सुरभी सोनी" के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम अर्थात माता का नाम "बिना सोनी" दर्ज हो गया है जो की मेरे विवाह के पूर्व का नाम है।
3. यह कि मै अपने विवाह के पश्चात "द्रोपदी सोनी" के नाम से जानी, पहचानी जाती हूं जो कि सत्य एवं सही है तथा मेरे आधार कार्ड में भी दर्ज है।
4. यह कि उक्त दोनो नाम एक ही व्यक्ति का अर्थात मेरे स्वयं के नाम का है। तथा मै अपनी पुत्री के उक्त जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम "द्रोपदी सोनी" दर्ज करवाना चाहती हूं नियम व शर्ते मान्य है, आवश्यक दस्तावेज संलग्न है, भविष्य में समस्त जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी अतः शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूं कि उपरोक्त दी गई जानकारी सत्य एवं सही है अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करती हूँ।

शपथकर्ता
द्रोपदी सोनी

**CHANGE OF NAME**

I, Pratap Damodar Piprani, Age -70 Years, Profession Business, R/o. F.8, Aparna Appartment, Near Shivaji School, Giri nagar, Yavatmal - 445001, Maharashtra, do hereby declare on oath that my document viz Pratap Damodhar Piprani, on my Pan Card and other Document like, Aadhar Card name is written, only Pratap Damodar Piprani, Hovewer the peron named Pratap Damodar Piprani, and Pratap Damodhar Piprani, is not another person but that name is mine, my correct name is Pratap Damodar Piprani. Affidavit no 25AB 363337

**HEALTH TOWN**

**अहलूवालिया हॉस्पिटल**

नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515

डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


## स्वास्थ्य मंत्री ने आंबेडकर अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने दिए निर्देश



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार जनकल्याण के संकल्प के साथ काम कर रही है, और हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को सुलभ, सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गुरुवार को मंत्रालय नवा रायपुर में डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर में चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार के संबंध में बैठक लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए यह बात कही। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल, चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के डीन, अस्पताल प्रबंधन प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।


### निधन

#### राजकुमारी देवी अग्रवाल



**रायपुर।** गायत्री मंदिर के पीछे समता कॉलोनी निवासी राजकुमारी देवी अग्रवाल का 17 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 अप्रैल को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे ईश्वरलाल अग्रवाल की पत्नी और कैलाश अग्रवाल की माता थीं।

#### विष्णु दत्त व्यास



**रायपुर।** व्यास गली सदर बाजार निवासी विष्णु दत्त व्यास का निधन हो गया है । उनका अंतिम संस्कार 17 अप्रैल को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया।

# अवैध विवाह, पीड़िता का घर बचाने आयोग ने एसआई की ट्रेनी महिला को भेजा नारी निकेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने पहली पत्नी से तलाक लिए बिना दूसरी महिला से विवाह करने के मामले में सुनवाई करते हुए दूसरी महिला (पत्नी) को पहली पत्नी का घर बर्बाद होने का जिम्मेदार मानते हुए उसे नारी निकेतन भेजने का आदेश सुनाया है। आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक सहित अन्य सदस्यों ने गुरुवार को आयोग के रायपुर कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इनमें एक महिला ने शिकायत की थी कि उसके पति ने उसे तलाक दिए बगैर एक दूसरी महिला से विवाह कर लिया है। महिला शिकायतकर्ता के दो बच्चे भी हैं। सुनवाई के दौरान आयोग ने दूसरी महिला जो सब इंस्पेक्टर की ट्रेनिंग ले रही है, के मोबाइल की जांच कराई, तो उसमें उसका और अनावेदक पति की अवैधानिक रूप से विवाह करने के साथ आपत्तिजनक स्थिति की तस्वीरें भी मिलीं। इसे देखकर आयोग ने माना कि दोनों ने अवैध रूप से विवाह किया है। विवाह करने के बाद दूसरी महिला द्वारा आवेदिका का घर बर्बाद कर उसे परेशान किया जा रहा है, जिसके कारण आवेदिका की बच्ची की आत्महत्या करने की नौबत में आ चुकी है। आयोग ने इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए दूसरी महिला को सुधरने का मौका देते हुए नारी निकेतन भेजने का आदेश सुनाया है, साथ ही एसआई की ट्रेनिंग पर रोक लगाने के लिए डीजीपी रायपुर को अनुशंसा पत्र भी भेजा जाएगा।

### ग्राम पंचायत सचिव को फटकार घर के दस्तावेज लौटाने दिए निर्देश

आयोग में एक ऐसा प्रकरण भी आया था, जिसमें एक बुजुर्ग महिला को ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा महिला के पति के साथ साठगांठ कर उसके मकान के वांछित दस्तावेज नहीं देकर उसे 6 महीने से परेशान कर रहा था। शासकीय सेवा में रहने के बाद भी अपने पद की जिम्मेदारी व गंभीरता को नहीं समझते हुए सचिव शासकीय कर्त्तव्यों का उल्लंघन कर रहा था। आयोग ने इस प्रकरण में की पंचायत सचिव को फटकार लगाई और समझाइश देकर आवेदिका को दस्तावेज देने के निर्देश दिए। आयोग ने यह भी कहा कि यदि सचिव दस्तावेज नहीं देता, तो अनावेदक सचिव की सेवा समाप्ति की अनुशंसा की जाएगी।



### बुजुर्ग महिला को मिलेगा घर

आयोग में एक बुजुर्ग महिला ने शिकायत की है कि उसके परिवार के लोगों ने उसे घर से बाहर निकाल दिया है, जबकि घर उसी का है। आयोग ने इस प्रकरण में अनावेदकों को 15 दिनों के भीतर उसका घर वापस करने के निर्देश दिए हैं।

## 18 किराये के टैंकर, 12 विभागीय पानी टैंकर से जलसंकट प्रभावित इलाकों में आपूर्ति

# प्रति दिन 300 ट्रिप की डिमांड, आपूर्ति आधी, इसलिए शहर में पानी की किल्लत

- निगम ने 1 स्थानों पर कराया बोरवेल खनन, 20 जगह और बोरवेल का होगा खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर में गर्मी तेज होते ही आउटर और अंदरूनी हिस्से में जल संकट गहराने लगा है। 70 में 35 वार्ड में पाइप लाइन से पर्याप्त पानी नहीं मिलने से लोग परेशान हैं। हालात ये हैं, राजधानी और इससे लगे इलाकों में रोजाना 300 ट्रिप पानी की मांग है, जबकि नगर निगम का जल विभाग मांग के अनुरूप आधी आपूर्ति कर पा रहा है।

निगम के 12 विभागीय टैंकर के साथ इस समय शहरभर में 18 किराये के पानी टैंकर जल संकट प्रभावित इलाकों में लोगों की प्यास बुझाने सुबह से देर शाम तक फेरे लगा रहे हैं। वहीं कई रिहाइसी इलाके के बोरवेल सूखने लगे हैं। इसके कारण नगर निगम को 11 स्थानों पर लोगों की जरूरत को देखते हुए नया बोरवेल खनन कराना पड़ा, जबकि 20 स्पॉट पर सार्वजनिक बोरवेल खनन की तैयारी है।

### जोन 9 में 6 किराये के टैंकर पड़ रहे कम

मोवा स्थित नगर निगम जोन 9 के वार्डों में इस समय 6 पानी टैंकर किराये पर चल रहे हैं। यहां सबसे ज्यादा खराब स्थिति दलदल सिवनी बीएसयूपी कालोनी, टेकारी पीएमवाय कालोनी, द्वारिका विहार गली नंबर 1 की है। इसी तरह कचना हाउसिंग बोर्ड कालोनी में रोज किराये के पानी टैंकर भेजने की नौबत आई है। लभांडी स्थित प्रधानमंत्री योजना के आवासीय परिसर आदर्श संकल्प सोसाइटी में बोरवेल सूखने से पेयजल संकट गहराया है।



### नई पाइप लाइन बिछने के बाद भी पेयजल की किल्लत

जोन 1 के यतियतन लाल वार्ड में बुनियाद नगर, सतनामी पारा में पानी की भारी किल्लत से लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है, नई पाइप लाइन बिछाने के बाद भी उनके यहां पानी नहीं पहुंच रहा है। हर बार की तरह इस बार भी वे टैंकर भरोसे हैं। बंजारी माता वार्ड के कुछ रहवासी इलाके भी जलसंकट की चपेट में हैं।

### तीन जोन ऐसे जहां किराए के 16 पानी टैंकर

अप्रैल के दूसरे ही पखवाड़े में शहर में पानी की मची मारामारी को लेकर लोग हैरान हैं। अमृत मिशन के तहत शहर के इलाकों में पानी की नई पाइप लाइन बिछाने और 15 वार्डों में 24 घंटे पानी आपूर्ति के नाम पर 130 करोड़ खर्च करने के बाद भी नगर निगम के 3 जोन ऐसे हैं, जहां 3 विभागीय टैंकर के साथ 16 पानी टैंकर चलाने की नौबत आई है। मोताबाग स्थित जोन 4 के 7 वार्ड के जलसंकट प्रभावित इलाकों में 4 किराये के पानी टैंकर और 1 विभागीय टैंकर से जल आपूर्ति हो रही है। ब्राम्हणपारा वार्ड के पंचपथपारा, सोहागामंदिर के पीछे वाला हिस्सा, धोबीपारा सामुदायिक भवन के पास का इलाका पेयजल संकट से प्रभावित है। नलों में प्रेशर के साथ पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। चार जगहों पर बोरवेल खनन कराने का प्रस्ताव भेजा गया है। इसके साथ ही जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा का सदर-विवेकानंद वार्ड भी पेयजल संकट से प्रभावित है।

### इंटर कनेक्शन में भारी गलती, तीन-तीन लाइन से जा रहा पानी



कांग्रेस से महापौर की प्रत्याशी रही दीप्ति दुबे ने भीषण जल संकट को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि नए प्रयोग के कारण लोगों को पानी की दिक्कत हो रही है। कहीं न कहीं डिस्ट्रीब्यूशन की गलती को सुधारने की जरूरत है। साथ ही इंटरकनेक्शन में भारी गलती हुई है। सदरबाजार, ब्राम्हणपारा, टिकरापारा, रामकुंड, राजातालाब जैसी घनी आबादी वाले इलाके में इतनी ज्यादा डुप्लीकेसी है, तीन-तीन लाइन से पानी जा रहा है। सभी अधिकारियों को यह बात पता है कि पुरानी लाइन को जब तक काटा नहीं जाएगा, तब तक नई लाइन में प्रेशर नहीं बन सकता। डिस्ट्रीब्यूशन के लिए अलग से टीम बनाने की जरूरत है। पूरे नक्शे के साथ मानटरिंग की जाये। उन्होंने महापौर मीनल चौबे को सुझाव दिया कि हर पानी टंकी का वाटर आडिट कराएं।

# छात्रों के यू-ट्यूब ज्ञान से हलाकान प्रोफेसर, पूछा बोनस का अर्थ तो लिखा-वही जो किसानों को देते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सेमेस्टर कक्षाओं का मूल्यांकन पूर्ण, जारी है वार्षिक परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिका जांच

रविवि द्वारा मुख्य कक्षाओं के सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी किए जा चुके हैं। वार्षिक परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य जारी है। इस बार छात्रों के यू-ट्यूब ज्ञान ने प्राध्यापकों को हलाकान कर दिया है। यू-ट्यूब देखकर पढ़ाई करने वाले छात्रों ने ऐसे-ऐसे उत्तर लिखे हैं कि प्राध्यापक हैरान हैं। बीकॉम द्वितीय वर्ष के इनकम टैक्स की परीक्षा में छात्रों से पूछा गया था कि बोनस शेयर क्या होता है? इसके जवाब में एक विद्यार्थी ने लिखा-वही जो किसानों को देते हैं। एक अन्य सवाल करदाताओं के प्रकार को लेकर रहा। इसका उत्तर देते हुए विद्यार्थी स्वयं ही करदाताओं की श्रेणी बना डाली। इसके अलावा छात्र इमोनशन नोट्स भी लिख रहे हैं। हालांकि इस तरह के नोट्स में कमी आई है। छात्रों के बहाने भी बदले हैं। पहले वे शादी होने, पढ़ाई छूट जाने जैसे बहाने लिखा करते थे, लेकिन अब पैरेंट्स के हॉस्पीटलाइल्ड होने, स्वयं के बीमार होने या मानसिक अस्वस्थता जैसे कारण गिना रहे हैं। गौरतलब है कि रविवि द्वारा पिछले शैक्षणिक सत्र से केंद्रीय मूल्यांकन प्रारंभ किया गया था। इसे इस बार भी लागू किया गया है।

### नहीं सुधरा स्तर

कोरोनाकाल में छात्रों का जो स्तर बिगड़ा था, वो अब तक सुधर नहीं सका है। यूट्यूब से पढ़ाई करने के सिस्टम ने चीजों को और बिगाड़ दिया है। छात्र बेसिर-पैर के उत्तर लिख रहे हैं।

**-डॉ.देवाशीष मुखर्जी**
प्राचार्य, महंत कॉलेज

### पड़ताल की तो सामने आई वजह

प्राध्यापकों ने बताया कि कई छात्रों ने एक जैसे अजीब-गरीब उत्तर लिखे थे। जब उन्हें इसका कारण समझ नहीं आया तो उन्होंने गूगल में सर्च किया। जब सामने आया कि यू-ट्यूब से पढ़ाई करने वाले छात्रों ने इस तरह के उत्तर लिखे थे। इस पर भी मजेदार बात यह है कि इन यू-ट्यूब वीडियो में हजारों की संख्या में लाइक और सब्सक्राइबर थे। प्राध्यापकों का कहना है कि यू-ट्यूब में कोई भी व्यक्ति अपना चैनल आसानी से खोल सकता है। इसमें बताई जाने वाली सभी चीजें जरूरी हों,यह जरूरी नहीं है। ऐसे में छात्रों को किताबों पर ही अधिक भरोसा करना चाहिए।


### बीकॉम के परिणाम 80%

**रायपुर।** रविवि द्वारा गुरुवार को बीकॉम तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी गई। इस परीक्षा में 4,946 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 80.73 प्रतिशत अर्थात 3993 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। 422 छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है तथा 463 छात्रों को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। 68 छात्रों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गए हैं। इसके अलावा एमएससी गणित ओल्ड प्रथम सेमेस्टर के परिणाम भी जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा में शामिल 103 छात्रों में से 46.6 प्रतिशत अर्थात 48 छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं।

# रायपुरा के बघवा तालाब के चारों तरफ पेवर ब्लाक लगाने का चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





- यादव पारा की तरफ 200 मीटर दायरे में बनेगी एप्रोच रोड

रायपुरा के बघवा तालाब की सफाई, गहरीकरण कार्य के बाद तालाब के चारों ओर स्टोन पिचिंग कर पेवर लगाने का काम किया जा रहा है। वहीं यादव पारा की तरफ 200 मीटर दायरे में एप्रोच रोड का निर्माण होगा। इसके साथ नाली निकासी का कार्य दूसरे चरण में कराया जा रहा है। तालाब के पास खाली जमीन पर सुंदर बगीचा विकसित किया जाएगा। यही नहीं, योगाभ्यास करने वालों के लिए तालाब किनारे योग जोन, मेडिटेशन रूम बनाया जाएगा। वहीं सीनियर सिटीजन की सुविधा के लिए अलग से रेस्ट रूम बनाने की योजना है। द्वितीय चरण के इस कार्य के लिए 1 करोड़ 48 लाख की मंजूरी मिली है।

नगर निगम द्वारा जोन 8 क्षेत्र के माधवराव सप्रे वार्ड स्थित रायपुरा के बघवा तालाब को सुंदर बनाने तालाब की सफाई और गहरीकरण कार्य कराया गया है। 35 एकड़ क्षेत्र में फैले प्राचीन तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए प्रथम फेज में 2 करोड़ 40 लाख रुपये खर्च कर बघवा तालाब की सफाई और गहरीकरण का कार्य कराया गया है। एक अरसे तालाब की सफाई नहीं होने से तालाब गहरीकरण के दौरान मवेशियों के गोबर और गाद की मात्रा इतनी ज्यादा रही कि 3 फीट की जगह 6 फीट गहराई तक भारी मात्रा में गोबर और गाद तालाब से बाहर निकाला गया। प्रोजेक्ट में 4.5 एकड़ एरिया प्रस्तावित था, पर अधिकारियों की स्पॉट पर नापजोख के बाद आधा एकड़ क्षेत्र ज्यादा निकला। इसीलिए तालाब सौंदर्यीकरण का काम आधे में रुक गया।

### लैंड स्केपिंग, बगीचा विकसित करने पौधारोपण को किया शामिल

प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने तालाब सफाई और गहरीकरण तथा रिटेनिंग वाल निर्माण के बाद इसमें पेवर ब्लाक लगाने, लैंड स्केपिंग करने और सुंदर बगीचा विकसित का कार्य इसमें शामिल कर 1 करोड़ 48 लाख रुपए की स्वीकृति का नया प्रस्ताव भी दिया। फंड की स्वीकृति मिलते ही तालाब किनारे पेवर ब्लाक लगाने का कार्य कराया जा रहा है। प्रोजेक्ट प्रभारी अधिकारी अंशुल शर्मा ने बताया कि तालाब की सुंदरता बढ़ाने लैंड स्केपिंग करायी जायेगी। इसके अलावा मेडिटेशन रूम बनेगा। योग करने वालों के लिए योग जोन विकसित कराया जाएगा। यही नहीं, बच्चों के लिए आकर्षक गेम्स की सुविधा देने और जुंबा डांस करने वालों के लिए अलग से स्पेस देने की योजना है।

### बाउंड्रीवॉल को असामाजिक तत्वों ने तोड़ा, कार्रवाई की मांग



*रायपुर। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सड्डू के सेक्टर-1 में कॉलोनी विकास समिति की मांग पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सामुदायिक भवन बनाया गया था। इस भवन परिसर के आसपास पंप रूम, पानी टंकी तथा समिति का कार्यालय स्थित है। इस परिसर के शासकीय भूमि में अवैध कब्जों को देखते हुए छग गृह निर्माण मंडल की अनुमति से बाउंड्रीवॉल बनवाया गया था। इस बाउंड्रीवॉल को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया है। इस कारण आसपास के लोग भयभीत है तथा शासकीय संपति की सुरक्षा के प्रति चिंता बढ़ गई है। इसे देखते हुए वार्ड पार्षद प्रतिनिधि भारत धीवर के नेतृत्व में कॉलोनी विकास समिति के पदाधिकारियों ने विधानसभा थाना रायपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई है। ज्योति प्रकाश कर, राम मौर्य, अशोक कुमार, अनिल वर्मा, शक्ति प्रकाश, घनश्याम दुर्गा, हरिराम इत्यादि ने ज्ञापन सौंपा।*

### पेज 13 के शेष

#### कुत्ते-बिल्लियों की ....

लिए खरीदी का दौर शुरू होगा और दवाइयां की सप्लाई होगी, तब ही यह संकट खत्म होगा।

**पशुप्रेमियों को सर्वाधिक आर्थिक संकटः** शौकिया तौर पर ऊंचे नस्ल वाले हजारों-लाखों रूपए कीमती कुत्ते-बिल्ली पालने वाले अभिजात वर्ग को आर्थिक दिक्कतें नहीं उठानी पड़ती। निम्न अथवा मध्यम वर्गीय परिवार जो पशुप्रेम के चलते गली-मोहल्ले में घूमने वाले कुत्ते-बिल्लियों का लालन-पालन करते हैं, उन्हें ही आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। पालतू यदि बीमार हो जाए तो उनके पूरे माह का बजट ही गड़बड़ा जाता है। इसके अलावा व्यक्तिगत रूप से बगैर किसी एनजीओ की मदद लिए रेस्क्यू करने वालों को भी फंड की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

**बच गए थे 9 हजार लाख**
विधानसभा में शासन द्वारा पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में पशु चिकित्सा सेवाएं और पशु स्वास्थ्य सहित अन्य व्यय के लिए पशुधन विकास विभाग द्वारा 37,871.81 लाख का प्रावधान प्रावधान रखा था। इनमें से 9 हजार लाख विभाग खर्च ही नहीं कर पाया था। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 38,324.18 लाख का प्रावधान रखा गया था। इनमें से 23,473.54 लाख ही विभाग दिसंबर 2024 तक खर्च कर सका था। जबकि विशेष पशुपालन कार्यक्रम, पशु चिकित्सालयों की स्थापना सहित अन्य मदों के लिए निर्धारित बजट की अधिकतर राशि वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व ही खर्च की जा चुकी थी।

#### मध्यप्रदेश से....

पनीर को फिलहाल सौरभ के सुपुर्दगी में दिया गया है, साथ ही उसे लैब रिपोर्ट आने के पहले पनीर को किसी दूसरी जगह आपूर्ति नहीं करने हिदायत दी गई है।

#### रविभवन में छापा....


कल्याण समिति के माध्यम से बाल आश्रम एवं बाल केंद्र में संरक्षण दिया है, वहीं दुकान संचालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**इन दुकानों में काम करते मिले बच्चेः** तिरूपति नावेल्टी, मोबाइल गैलेक्सी, बालाजी वॉच, स्मार्ट मोबाइल एवं जय मोबाइल नाम की दुकानें हैं। इनमें से एक दुकान में दो नाबालिग काम करते मिले, वहीं अन्य दुकानों में एक-एक नाबालिग मिले। टीम ने कार्रवाई के बाद सभी नाबालिग बच्चों को उनके परिजनों के मिलने तक बाल आश्रम व केंद्र में रखा है।

#### 130 की रफ्तार पर ...

करता है, जिससे रेल पटरियों का समय-समय पर रखरखाव आवश्यक हो जाता है। इस तकनीक से न केवल यात्रियों को झटकों से राहत मिलती है, बल्कि ट्रैक की उम्र भी बढ़ रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में वर्तमान में 84 ट्रैक मशीनें कार्यरत हैं, जो नई लाइन निर्माण एवं कार्यरत लाइनों के अनुरक्षण में अहम भूमिका निभा रही हैं।

### दुर्ग की मासूम को न्याय दिलाने निकाली कैंडल यात्रा



*रायपुर। दुर्ग की मासूम बच्ची को न्याय दिलाने, हत्यारे को फांसी देने और महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार को रोकने के लिए विगत दिनों कैंडल यात्रा महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड 42 में शाम 7 बजे निकाली गई, जो शांति चौक, सोनकर पारा, पुरानी बस्ती होते हुए लाखेनगर चौक पर जाकर समाप्त हुई। यह जानकारी देते हुए रवि सोनकर ने बताया कि कैंडल यात्रा में आसपास की महिलाओं, पुरुषों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया और सबने एक स्वर में कहा, हत्यारे को फांसी होनी चाहिए। इस घटना से खासकर महिलाएं बहुत आक्रोशित हैं। साथ ही शासन-प्रशासन से दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कैंडल यात्रा में रवि सोनकर, चंद्रदेव सोनकर, विक्की, मांटू घोष, सुनील विश्वकर्मा, जामुलकर, गीता, अन्नपूर्णा सोनी समेत वार्ड की महिलाएं शामिल थीं।*

---

**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. 20250411250007/ अ-74 वर्ष 2024-25
ग्राम- बैहार प.ह.नं. 28

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक चन्द्र विजय साहू पिता ईश्वर लाल साहू काश्तकार ग्राम बैहार तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम बैहार प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. व तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 304, 307/1 रकबा क्रमशः 0.020, 0.050 हे. चन्द्र विजय, अक्षय पिता ईश्वर साहू के संयुक्त नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि का मूल किसान असावधानीवश कहीं गुम हो गया है, जिससे कृषि विकास संबंधित कार्य प्रभावित होने के कारण डूप्लीकेट किसान किताब प्रदान किये जाने की निवेदन किया है ।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 30.04.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 15.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
आरंग

---

**-: आम-सूचना :-**

(मौजा ग्राम माना प.ह.नं. 80 रा.नि. मं. रायपुर-18 कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर 925/1 रकबा 0.0250 हे. याने 2700 वर्गफुट भूमि है के संबंध में।)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने (1) संतोष कुमार सिन्हा (2) श्री दशरथ सिन्हा (3) श्री विनोद कुमार सिन्हा तीनो पिता स्व. श्री बोधी राम सिन्हा सभी पता माना बस्ती रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) वर्तमान पता रामसागर पारा रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) ने भूमिस्वामी के हक एवं आधिपत्य की भूमि जो कि मौजा ग्राम माना प.ह०.नं. 80 रा.नि.मं. रायपुर-18 कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर 925/1 रकबा 0.0250 हे. याने 2700 वर्गफूट भूमि है। को क्रय करने हेतु पक्का सौदा तय कर इकरानामा निष्पादित कर चुके है केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, वित्तीय, निकाय, अर्द्धशासकीय, शासकीय आदि को उपरोक्त भूमि/संपति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी प्रकार से उजर, दावा, या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि भूमि स्वामीगणो को अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 17/04/2025

एन.के. पटेल
हरिश साहू, आशीष तिवारी, कुंदन पटेल
(अधिवक्तागण)
हरिभूमि प्रेस के पीछे छत्तीसगढ नगर
टिकरापारा रायपुर छ.ग.
मो. नं. 94255-10595, 99771-96901

---

**न्यायालय -नरेन्द्र कुमार, पंचम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रायपुर छ.ग.**

प्रकरण क्रमांक -941/23, प्रोसेस क्रमांक 1141
पेशी तारिख 07.05.2025

हिना यादव व अन्य - आवेदक

विरुद्ध

स्वर्ण सिंह व अन्य -अनावेदक

**बनामः- 1. बावा सिंह, पिता स्व. सम्पुरन सिंह, पता 1- पंचकोहा रोड लाईन्स, रिंग रोड 1 तेलीबांधा, रायपुर छ.ग.।, पता 2-फेस-5 हीरापुर, हर्षित विहार, हाऊस नंबर 21, पो. टाटीबंध, रायपुर छ.ग.।**

आवेदक ने अपने विरूद्ध आवेदक पत्र अंतर्गत धारा 166/धारा 163 (अं) मोटर यान अधिनियम 1988 रूपये ...... के क्षतिपूर्ति हेतू संस्थित किया है। आपसे इस अधिकरण के तारिख 07.05.2025 को दिन में प्रातः 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात या उपस्थित होने के लिए समंस किया जाता है आप स्वयं अधिकरण में या किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनूदेश दिये गये हो और जो प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। अधिकरण में आपकी उपस्थिति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन है इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सभी दस्तावेजों को पेश कने के लिये तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी बचाव प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारिख को अधिकरण में उपसंजात नहीं होंगे तो अधिकरण में सूनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

नोटः- यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सूनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावे।

यह आज तारिख ..... को मेरे हस्ताक्षर एवं अधिकरण की मुद्रा लगाकर किया गया है।

मुहर
नरेन्द्र कुमार,
न्या. -पंचम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रायपुर छ.ग.

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 11/04/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम टेकारी प.ह.नं. 75 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदक श्री जोगी राम साहू पिता स्व. पंचम साहू द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 412/21, 412/19, 412/17 कुल रकबा 0.2380 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. Q अ-12 वर्ष 2024-25 आदेश दिनांक 04/03/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक 28/04/2025 को समय 12.00 PM बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18

---

**शपथ पत्र**

मै जयदेव शुक्ला पिता श्री जय नाथ शुक्ला निवासी - ब्लाक 5 बी सडक नं-41 से-10 सिविल सेंटर भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन पेश करता हूँ किः-

1/ यह कि मेरे स्वामित्व व आधीपत्य का मकान जो कि अग्रोहा गृह निर्माण समिति रायपुर रायपुरा प.ह.नं. 57 खसरा नं- 379/4 रकबा 2400 व. फु. भूमि जो कि मेरे नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है ।

2/ यह कि उक्त भूमि को मै विक्रय करना चाहता हूं इसके लिए मुझे आपके संस्था से अन्नापति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के संबंध में यह शपथ पत्र पेश करता हूँ।

3/ यह कि उक्त संपत्ति को आज दिन तक किसी प्रकार का बैंक बंधक रहन गहन नही किया गया है पूर्ण रूप से पाक व साफ है ।

**सत्यापन**

यह कि सत्यापित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार दी गई जानकारी सत्य व सही है।

दिनांक 16/04/25 शपथकर्ता

---

**:: शपथ पत्र ::**

मैं शपथकर्ता श्रीमती द्रोपदी सोनी पति श्रवण सोनी निवासी नियर एजाज सायकल स्टोर नेहरू नगर, रायपुर छ.ग. जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करती हूं कि-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरी पुत्री “सुरभी सोनी” के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम अर्थात माता का नाम “बिना सोनी” दर्ज हो गया है जो की मेरे विवाह के पूर्व का नाम है।
3. यह कि मै अपने विवाह के पश्चात “द्रोपदी सोनी” के नाम से जानी, पहचानी जाती हूं जो कि सत्य एवं सही है तथा मेरे आधार कार्ड में भी दर्ज है।
4. यह कि उक्त दोनो नाम एक ही व्यक्ति का अर्थात मेरे स्वयं के नाम का है। तथा मै अपनी पुत्री के उक्त जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम “द्रोपदी सोनी” दर्ज करवाना चाहती हूं नियम व शर्ते मान्य है, आवश्यक दस्तावेज संलग्न है, भविष्य में समस्त जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी अतः शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूं कि उपरोक्त दी गई जानकारी सत्य एवं सही है अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करती हूँ।

शपथकर्ता
द्रोपदी सोनी

---

**CHANGE OF NAME**

I, Pratap Damodar Piprani, Age -70 Years, Profession Business, R/o. F.8, Aparna Appartment, Near Shivaji School, Giri nagar, Yavatmal - 445001, Maharashtra, do hereby declare on oath that my document viz Pratap Damodhar Piprani, on my Pan Card and other Document like, Aadhar Card name is written, only Pratap Damodar Piprani, However the peron named Pratap Damodar Piprani, and Pratap Damodhar Piprani, is not another person but that name is mine, my correct name is Pratap Damodar Piprani. Affidavit no 25AB 363337

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जांच
एलर्जी

Dental & Cosmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतो की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# कारों पर महंगाई की मार, प्रदेश में 20 फीसदी तक कम हो गया व्यापार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

देश के साथ प्रदेश में भी मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हुंडई सहित ज्यादातर कंपनियों ने अपनी कारों की कीमत में एक अप्रैल से इजाफा कर दिया है। इसका असर यह हो गया है कि अपने प्रदेश में शुरुआती दौर में अप्रैल के पहले पखवाड़े में 15 से 20 फीसदी तक कारोबार प्रभावित हो गया है। जिनके शोरूम में एक माह में 500 तक कारें बिक जाती हैं, उनके यहां अप्रैल के पहले पखवाड़े में 200 के आसपास ही कारें बिकी हैं।

कारोबारियों का कहना है, आने वाले समय में इसका असर कम होने लगेगा। ऋण में ब्याज दर कम होने से कुछ राहत जरूर मिल रही है। कच्चे माल की कीमत ज्यादा होने का हवाला देते हुए ज्यादातर कार निर्माता कंपनियों ने अपनी कारों की कीमत में एक अप्रैल से इजाफा करने का पहले ही ऐलान किया था। इसके बाद एक अप्रैल से कारों की कीमत में इजाफा हो गया है। जहां देश में सबसे ज्यादा बिकने वाली मारुति की कारों में ढाई से चार फीसदी तक का इजाफा हुआ है, वहीं दूसरी कंपनियों ने तीन फीसदी तक दाम बढ़ाए हैं। कारों के अलग-अलग मॉडल में अलग-अलग प्रतिशत के हिसाब से इजाफा हुआ है। जैसे रायपुर में मारुति की अर्टिगा कार पर करीब 22 हजार का इजाफा हुआ है।

यह तीन फीसदी से कम है। इसी तरह से मारुति की इको कार की कीमत में वैसे तो 25 हजार तक का इजाफा हुआ है, लेकिन इसमें ऑफर के कारण दस हजार कीमत कम हो जा रही है। पहले इस मॉडल पर 20 हजार का डिस्काउंट मिल रहा था जिसको अब दस हजार कर दिया गया है। डिजायर की कीमत में करीब आठ हजार का इजाफा हुआ है। इसमें डिस्काउंट भी बंद हो गया है।

### मारुति, टाटा, हुंडई, महिंद्रा एंड महिंद्रा सहित ज्यादातर कंपनियों की कारें 3 से 4 फीसदी महंगी



### कुछ समय तक रहेगा असर

ऑटोमोबाइल कारोबारियों का कहना है कि अभी कारों कीमत में इजाफा होने का पहला ही माह है। इसमें से अभी 15 दिनों का समय निकला है। इसमें शुरुआती तौर पर 20 फीसदी कारोबार में असर दिख रहा है। मारुति के राजधानी के एक शोरूम में आमतौर पर एक माह में 500 कारें बिकती हैं। अप्रैल के पहले 15 दिनों में 210 कारें बिकी हैं। अन्य कारों के शोरूम में भी कारों की बिक्री पर असर पड़ा है। कारोबारियों का कहना है आने वाले समय में यह असर कम हो जाएगा। प्रदेश में एक माह में तीन से चार हजार कारें बिक जाती हैं।

## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कमेटी 21 को करेगी मुख्यमंत्री निवास का घेराव



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर की बैठक हुई, जिसमें जिले के विधानसभा प्रभारी शामिल हुए। बैठक में उपस्थित कांग्रेसियों ने 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास घेराव की रणनीति बनाई है। इसी दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उधोराम वर्मा ने बताया कि बैठक में प्रमुख रूप से 21 अप्रैल को प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था, माता-बहनों के ऊपर हो रही दरिंदगी, मासूम बच्चियों के साथ घिनौने अनाचार की घटनाओं ने प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है।

### कैट ने सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल को दी बधाई



**रायपुर।** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल से मुलाकात की। अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। इस मौके पर श्री पारवानी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेक इन इंडिया की अवधारणा को सफल बनाने के लिए पूरे देश में छत्तीसगढ़ की उद्योग नीति सबसे ज्यादा सफल रही। प्रदेश में 4 इंडस्ट्रियल क्लस्टर के स्थापना की घोषणा गई है। इनमें से दो राजनांदगांव जिले के घुमना तहसील में और दो नवा रायपुर में स्थापित होंगे।

### शहीद तात्या टोपे की पुण्यतिथि पर सीएम साय ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 1857 की क्रांति के महानायक, क्रांतिकारी और देशभक्त सेनापति शहीद तात्या टोपे की पुण्यतिथि 18 अप्रैल पर उन्हें सादर नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि तात्या टोपे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन अमर योद्धाओं में से हैं, जिनकी रणनीतिक कुशलता, अदम्य साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण आज भी हर देशवासी को गर्व और प्रेरणा से भर देता है। वे प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे सेनानायक थे, जिन्होंने अंग्रेजी सत्ता को खुली चुनौती दी और जब युद्ध के पारंपरिक रास्ते बंद हो गए, तब उन्होंने गुरिल्ला युद्ध नीति अपनाकर संघर्ष को जिंदा रखा। तात्या टोपे की अटूट देशभक्ति और उनकी त्यागमयी गाथा सदैव हमारे लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी।

### आईटीआई परीक्षा में उपस्थिति 8 प्रतिशत के न्यूनतम स्तर पर रही

# व्यापम की परीक्षाओं में रिकार्ड अर्जियां, पर कई में उपस्थिति आधी भी नहीं, तीन साल में 12 करोड़ का घाटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल, राज्य लोक सेवा आयोग सहित विभिन्न विभागों में होने वाली भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने अब अभ्यर्थियों को शुल्क देना होगा। जो अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे, उन्हें उनकी राशि लौटा दी जाएगी। दूसरी ओर ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने आवेदन तो किया है, लेकिन परीक्षा में शामिल नहीं हुए उनकी राशि व्यापम, पीएससी अथवा परीक्षा कराने वाली एजेंसी के खाते में जाएगी। कांग्रेस सरकार द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में लिए जाने वाले शुल्क में माफी की घोषणा की गई थी। 8 अप्रैल 2022 से यह नियम लागू हुआ। इसके 3 साल 10 दिन बाद भाजपा शासन ने नए नियम की घोषणा कर दी है।

बीते तीन वर्षों में सर्वाधिक नुकसान व्यापम को उठाना पड़ा है, क्योंकि व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा ही सर्वाधिक प्रवेश परीक्षाएं और भर्ती परीक्षाएं आयोजित की गईं। इसके उलट पीएससी द्वारा सीमित भर्ती परीक्षाएं ही आयोजित कराई गई। थोक में छात्र ऐसे भी रहे, जिन्होंने फॉर्म तो भरा लेकिन परीक्षा दिलाने ही नहीं पहुंचे। व्यापम द्वारा आयोजित कराई जाने वाली परीक्षा में प्रतिछात्र 300 से 350 रुपए का औसत खर्च आता है। ऐसे में अनुमानतः परीक्षा नहीं दिलाने वाले अभ्यर्थियों के प्रश्नपत्र और उनके लिए लगाए गए मैनपावर के चलते 12 करोड़ रुपए का अनुमानित घाटा व्यापम को हुआ है। इन तीन सालों में कई रिकॉर्ड बने भी हैं। व्यापम द्वारा 2023 में आयोजित आईटीआई प्रशिक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों का आंकड़ा 8 प्रतिशत से भी नीचे चला गया था। इसके अतिरिक्त बीएड-डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए रिकॉर्ड पांच लाख से अधिक आवेदन मिले थे।

### 8 अप्रैल 2022 से समाप्त किया गया था परीक्षा शुल्क

### सामान्य वर्ग की फीस 350 रुपए, पिछड़ा वर्ग तथा एसटी-एससी से लिए जाते थे 250 रुपए

#### नए नियम कब से यह तय नहीं

वर्तमान में सहायक विकास विस्तार अधिकारी सहित कई विभागों में भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन जारी है। प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी आवेदन प्रक्रिया जारी है। व्यापम के अधिकारियों के अनुसार, शासन द्वारा यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि नया नियम कब से लागू होगा। ऐसे में व्यापम द्वारा पुराने नियमों का ही अनुसरण करते हुए छात्रों से शुल्क लिया जा रहा है। शासन द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश प्राप्त होने के बाद ही अभ्यर्थियों में आवेदन शुल्क का प्रावधान जोड़ा जाएगा।




#### प्रति छात्र 300-350 रुपए खर्च

व्यापम अधिकारियों के अनुसार, परीक्षार्थियों के लिए प्रश्नपत्र तैयार करने और इसकी छपाई, ओएमआर शीट, परीक्षा केंद्र पर्यवेक्षक व मूल्यांकनकर्ता को किए जाने वाले भुगतान, परिवहन सहित अन्य सभी मदों को मिलाकर प्रतिछात्र 300 से 350 रुपए का खर्च आता है। इसके आधार पर ही पूर्व में शुल्क निर्धारित किया गया था।

#### बढ़ सकती है फीस

तीन वर्ष पहले तक अधिकतर भर्ती परीक्षा तथा प्रवेश परीक्षाओं में सामान्य वर्ग के छात्रों से 350 रुपए लिए जाते थे। पिछड़ा वर्ग तथा एसटी-एससी वर्ग के उम्मीदवारों से 250 रूपए लिए जाते रहे हैं। तीन वर्षों तक आवेदन निशुल्क रहने के कारण फीस वृद्धि संबंधित विचार नहीं हुआ। चूंकि तीन वर्ष पश्चात दोबारा फीस लिए जाने की तैयारी है तो ऐसे में व्यापम के अधिकारियों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि फीस में आंशिक वृद्धि की जा सकती है।

#### व्यापम द्वारा आयोजित पिछले तीन परीक्षाओं का हाल...

**सहायक सांख्यिकी विकास अधिकारी : 37 हजार आवेदन, 85% नदारत :** 13 अप्रैल को व्यापम द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। 17 पदों के लिए 37 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे, लेकिन पहुंचे सिर्फ 15.01 प्रतिशत। अक्टूबर 2023 में जारी हुए विज्ञापन के बाद लगभग डेढ़ साल बाद रविवार को व्यापम ने परीक्षा ली। रायपुर में इसके लिए 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। रायपुर में 10 हजार 185 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से सिर्फ 1 हजार 592 ही परीक्षा दिलाने पहुंचे।

**मत्स्य निरीक्षक : आवेदन 21 हजार, पहुंचे 1900**

23 मार्च को हुई मत्स्य निरीक्षक परीक्षा में 21 हजार लोग ने आवेदन किया था। सिर्फ 1900 लोग परीक्षा में शामिल हुए जो 9 प्रतिशत है। हालात यह थे कि कई केंद्र पूरी तरह से सूने रहे। यहां पर्यवेक्षक अभ्यर्थियों का इंतजार करते रहे। कुछ केंद्रों में अभ्यर्थियों से अधिक संख्या परीक्षा व्यवस्था बनाए रखने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की रही।

**लैब असिस्टेंट : 9 पद, 67 हजार आवेदन, 84% गायब :** 9 मार्च को व्यापम ने कृषि संचालनालय के अंतर्गत लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षा आयोजित की। मात्र 9 पदों के लिए निकाली गई इस भर्ती के लिए 67 हजार आवेदन मिले थे। राजधानी रायपुर में 17250 अभ्यर्थियों के लिए 44 केंद्र बनाए गए, लेकिन 84 प्रतिशत अभ्यर्थी गायब रहे।

#### 2024 में प्रवेश परीक्षाओं की स्थिति

- पीएटी व पीव्हीपीटी : 9 जून को परीक्षा, 46275 आवेदन, 23813 उपस्थित
- प्री बीएबीएड, बीएससीबीएड : 9 जून को परीक्षा, 37037 आवेदन, 7620 उपस्थित
- पीईटी : 13 जून को परीक्षा, 22854 आवेदन, 12070 उपस्थित
- प्रीएमसीए : 13 जून को परीक्षा, 7295 आवेदन, 1220 उपस्थित
- पीपीएचटी : 13 जून को परीक्षा, 37076 आवेदन, 18371 उपस्थित
- पीपीटी : 23 जून को परीक्षा, 32857 आवेदन, 10747 उपस्थित
- प्रीबीएड : 30 जून को परीक्षा, 253649 आवेदन, 158353 उपस्थित
- प्रीडीएलएड : 30 जून को परीक्षा, 305629 आवेदन, 201938 उपस्थित
- बीएससी नर्सिंग : 14 जुलाई को परीक्षा, 52628 आवेदन, 27883 उपस्थित
- पोस्ट बेसिक नर्सिंग : 28 जुलाई को परीक्षा, 7189 आवेदन, 1578 उपस्थित
- एमएससी नर्सिंग : 28 जुलाई को परीक्षा, 5615 आवेदन, 2372 उपस्थित

## अधोक्षजानन्द देव के छत्तीसगढ़ आगमन पर रोक लगाने आदित्य वाहिनी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर




■ राष्ट्रीय पीठ परिषद के उपाध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता में किया विरोध

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में 21 से 27 अप्रैल के बीच जामुल क्षेत्र सुरडुंग में रूद्र महायज्ञ होना तय है। इसमें आयोजन समिति द्वारा अन्य आचार्यों के साथ स्वामी अधोक्षजानन्द देव तीर्थ नामक व्यक्ति को पुरी गोवर्धनपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य के रूप में प्रचारित करते हुए आमंत्रित किया जा रहा है। इसका धर्मसंघ, पीठपरिषद, आदित्य वाहिनी और आनंद वाहिनी द्वारा घोर विरोध किया जा रहा है। राजधानी में गुरुवार को पत्रकार वार्ता लेते हुए राष्ट्रीय पीठ परिषद के उपाध्यक्ष आचार्य झम्मन शास्त्री के साथ ही सीमा तिवारी, विजय शर्मा, नवीन तिवारी और टीका राम साहू ने अधोक्षजानन्द को फर्जी शंकराचार्य बताते हुए छत्तीसगढ़ में प्रवेश रोकने मांग रखी। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह को ज्ञापन दिया है। इसे विधानसभा अध्यक्ष ने गंभीर विषय मानते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा को कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है। इस मामले को लेकर धर्मसंघ के प्रतिनिधिमंडल ने गृहमंत्री से मिलने के बाद त्वरित कार्यवाही के लिए अनुरोध किया है। यह सर्व विदित है कि वर्तमान में श्रीगोवर्धनमठ पुरीपीठ के 145वें जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज हैं, जो दार्शनिक, आध्यात्मिक, वैज्ञानिक, गणित के विश्व विख्यात विद्वान हैं।

*किसी सूरत में न्याय संगत नहीं : पीएम नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित सीएम योगी आदित्यनाथ, विष्णुदेव साय, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह, विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने भेंट पुरी पीठाधीश्वर से आशीष प्राप्त किया। यही नहीं भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने कई निर्णय में पुरी के वर्तमान प्रामाणित शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज का उल्लेख किया है। ऐसी स्थिति में अधोक्षजानन्द देव यानी नकली व्यक्ति का प्रदेश में आगमन तथा किसी के द्वारा उसे शंकराचार्य के रूप में बुलाना न्याय संगत नहीं है।*

## सरकारी जमीन से कब्जा हटाने निगम ने चलाया बुलडोजर, तोड़ा बाउंड्री-मकान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सरकारी जमीन पर लोगों द्वारा बनाई गई बाउंड्री और मकान को तोड़ते हुए कब्जा मुक्त कराने के लिए गुरुवार को भी बिरगांव निगम का अमला दबिश देने पहुंचा। सरोरा और उरकुरा वार्ड में सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिंग का खेल रोकने के लिए निगम आयुक्त यूके उर्वासा के साथ नगर निवेश विभाग की टीम पुलिस बल के साथ तोड़-फोड़ करने के लिए निकली। दोबारा कब्जा करने पर एफआईआर की चेतावनी दी है।

बिरगांव निगम क्षेत्र के उरकुरा में वार्ड में सात स्थानों पर लगभग 5 एकड़ जमीन से अवैध प्लाटिंग कर किए गए सड़क, बाउंड्री और मकान निर्माण को दस्ते ने बुलडोजर की मदद से ध्वस्त किया। इसके साथ ही जिन लोगों का कब्जा था, उन्हें चेतावनी दी



■ बिरगांव निगम आयुक्त ने सरोरा, उरकुरा वार्ड में अवैध कब्जा हटाने दी दबिश

गई है कि दूसरा किसी तरह से अवैध निर्माण किया जाता है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। इसके लिए आयुक्त ने दिशा-निर्देश दिया है। तोड़-फोड़ के दौरान विरोध की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन की मदद से पुलिस बल के साथ निगम की टीम कार्रवाई करने पहुंची। इस कार्रवाई से पहले बुधवार को निगम के अमले ने सरोरा वार्ड में भी दबिश देते हुए 4 जगह से अवैध कब्जा हटाया था।

## महापौर ने मितानिनों के कार्य को सराहा






हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

■ मलीन बस्तियों के रहवासियों को जागरूक बनाने पर जोर

महापौर मीनल चौबे ने कहा है कि स्वास्थ्य शिविरों को रायपुर में सफल बनाने में मितानिनों का सक्रिय योगदान रहा है। मितानिन बहनें शहरी क्षेत्र के गरीब लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहे, इसके लिए बहुत अच्छा कर रही हैं। शहर की मलिन बस्तियों में रहने वालों को जागरूक बनाने पर जोर दिया जाना चाहिए।

उन्होंने ये बातें राजधानी में आयोजित राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत पार्षदों के लिए आयोजित कार्यशाला में कही। लोक स्वास्थ्य सेवाओं में जनभागीदारी एवं सुदृढ़ीकरण विषय पर रखी गयी कार्यशाला में वे मुख्य अतिथि के रूप में अपने उदबोधन में इस आशय के विचार रखे। राजधानी के निजी हॉटल में जनप्रतिनिधियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निगम के स्वास्थ्य विभागाध्यक्ष गायत्री-सुनील चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में रायपुर के मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी उपस्थित रहे। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर ने कहा स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन रायपुर शहर के लिए काफी अच्छा है। सभी पार्षदों को इसमें आगे आकर नागरिकों को जागरूक करने सहभागी अवश्य बनना चाहिए। कार्यशाला में शहरी कार्यक्रम प्रबंधकअशोक सिंह,अनुराग गुप्ता, शहरी डाटा मैनेजर अनुराधा तिवारी, सिटी अकाउंट मैनेजर बजरंग सिंह ठाकुर, एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहें। कार्यक्रम स्थल में सभी प्रतिभागियों की बीपी एवं शुगर जांच भी की गई। कार्यशाला में एमआईसी सदस्य गायत्री चंद्राकर दीपक जायसवाल, महेंद्र खोडियार, अमर गिदवानी, नंदकिशोर साहू, भोलाराम साहू, सुमन-अशोक पांडे, डॉ. अनामिका सिंह,खेम कुमार सेन, संतोष-सीमा साहू, अवतार-भारती बागल, जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, साधना-प्रमोद साहू, अंबर अग्रवाल, बद्री प्रसाद गुप्ता, प्रीतम सिंह ठाकुर, गोपेश साहू , सचिव मेघानी शामिल हुए।

### स्वास्थ्य जांच स्टॉल पर मेयर ने बीपी की कराई जांच

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के कार्यशाला आयोजन स्थल पर स्वास्थ्य जांच स्टाल पर महापौर ने अपने बीपी की जांच करवायी। कार्यशाला में पार्षदों को आयुष्मान योजना के तहत स्मार्ट कार्ड की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से डॉ अविनाश चतुर्वेदी, डॉ विमल किशोर राय, डॉ. प्रीति नारायण, डॉ श्वेता सोनवानी के साथ सभी जिला सलाहकार डॉक्टर निकिता पवार डॉ राखी डॉ रंजना आलोक, अमन दास द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया।

## बिजनेस साइट

### वी केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने मनाई 9वीं वर्षगांठ



**रायपुर।** तेलीबांधा रिंगरोड नंबर-1 पर स्थित वी केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपनी स्थापना के 9 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर 10वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। यह हॉस्पिटल प्रदेश में उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं का पर्याय बन चुका है। हॉस्पिटल के प्रमुख डायरेक्टर डॉ. विवेक पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सफलता के पीछे प्रदेशवासियों का अपार सहयोग और हॉस्पिटल स्टाफ की निष्ठा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में हॉस्पिटल ने 50,000 से अधिक ओपीडी, 25,000 से अधिक आईपीडी और 20,000 से अधिक सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। 100 बिस्तरों की क्षमता वाला यह अस्पताल अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त है। यहां एडवांस ऑर्थोपेडिक ट्रॉमा, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, न्यूरो सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, डायलिसिस, मनोरोग, कैंसर केयर, प्लास्टिक सर्जरी समेत अनेक विभागों की विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हैं।

### अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट में पहली सफल कैंसर सर्जरी, मरीज को मिली नई जिंदगी



**रायपुर।** जोरा स्थित अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट ने अपनी पहली कैंसर सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी कर क्षेत्र में कैंसर उपचार के क्षेत्र में एक अहम उपलब्धि दर्ज की है। यह जटिल सर्जरी संस्थान के प्रमुख कैंसर सर्जन डॉ. सौरभ जैन के नेतृत्व में की गई, जिसमें एक स्तन कैंसर से पीड़ित महिला का सफल इलाज किया गया। सर्जरी में डॉ. कृष्णा साहू (कंसल्टेंट एनेस्थेटिस्ट) ने कुशलतापूर्वक एनेस्थीसिया प्रदान किया। वहीं विक्रम विकास निगम (फैसिलिटी डायरेक्टर) और रंजीत (हेड ऑफ नर्सिंग) ने संचालन एवं देखरेख की जिम्मेदारी संभाली। ऑपरेशन थिएटर में हुमेश, शुभद्रा और स्नेहा ने सहयोग कर सर्जरी को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. सौरभ जैन ने सर्जरी के बाद कहा, यह केवल एक चिकित्सकीय सफलता नहीं, बल्कि हमारे इस संकल्प का प्रतीक है कि हम रायपुर में विश्वस्तरीय कैंसर उपचार की सुविधा प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट में कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, टारगेटेड थेरेपी, एडवांस्ड रेडियोथेरेपी और सिटी स्कैन जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।






हरिभूमि

रायपुर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025

# लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



04 चेहरे पर ग्लिसरीन लगाने से ...

**एजुकेशन अपडेट**

## इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में टीचिंग पदों पर भर्ती, 2 मई तक कर सकते हैं आवेदन



**रायपुर।** इलाहाबाद यूनिवर्सिटी की ओर से टीचिंग पोस्ट- असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर पदों पर भर्ती निकाली गई है। जो भी अभ्यर्थी शिक्षक बनने का सपना देख रहे हैं और इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं वे इसमें शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट all-duniv.ac.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। एप्लीकेशन प्रॉसेस 11 अप्रैल से स्टार्ट हो चुकी है जो निर्धारित अंतिम तिथि 2 मई 2025 तक जारी रहेगी। अभ्यर्थियों को इन्हीं डेट्स के अंदर फॉर्म भरना होगा।

इस भर्ती के माध्यम से कुल 317 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसमें से असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए 127 पद, एसोसिएट प्रोफेसर के लिए 126 पद और प्रोफेसर के लिए 64 पद आरक्षित हैं। इस भर्ती में शामिल होने के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन किया जा सकता है, अन्य किसी भी प्रकार से फॉर्म स्वीकार नहीं होंगे। फॉर्म भरने की स्टेप्स यहां प्रदान की जा रही हैं जिनको फॉलो कर आसानी से आवेदन किया जा सकता है।

### एनटीसी में इंजीनियर व एग्जीक्यूटिव पदों पर भर्ती

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड में इंजीनियर एवं एग्जीक्यूटिव के रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 अप्रैल से स्टार्ट हो गई है जो निर्धारित अंतिम तिथि 6 मई 2025 तक जारी रहेगी। जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं वे तय तिथियों के अंदर इस भर्ती में शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से अप्लाई कर सकते हैं। एप्लीकेशन फॉर्म ऑफिशियल वेबसाइट **ngel.in** पर जाकर भरा जा सकता है ।इस भर्ती में आवेदन के लिए अभ्यर्थी का पदानुसार बीई/ बीटेक/ एमई/ एमटेक/ एमबीए/ पीजी डिप्लोमा/ सीए/ सीएम/ संबंधित क्षेत्र में ग्रेजुएशन पोस्ट ग्रेजुएशन किया हो। अभ्यर्थी के पास संबंधित क्षेत्र में निर्धारित वर्ष कार्य करने का अनुभव भी होना चाहिए। इसके साथ ही अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 30 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। हालांकि आरक्षित श्रेणी से आने वाले अभ्यर्थियों को ऊपरी उम्र में नियमनुसार छूट दी जाएगी।

## तेज गर्मी में जू के वन्यजीवों की स्पेशल डाइट, हिरणों के लिए खीरा, पक्षियों को रसदार फल

# गर्मी में वन्यजीवों को 'कूल' ट्रीटमेंट, खस-ग्रीन नेट से तैयार किए 'ठंडे घर', लू से बचाने खिला रहे तरबूज-खीरा-पपीता

"बढ़ती गर्मी का असर अब वन्यजीवों पर भी दिखाई देने लगा है। नंदनवन जू और जंगल सफारी में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने के बाद वन्यप्राणियों को गर्मी से राहत देने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। दोपहर की चिलचिलाती धूप और लू से बचाव के लिए जानवरों के बाड़ों में कूलर, खस की चटाई और ग्रीन नेट से घर बनाए गए हैं।

**रायपुर।** इसके अलावा जू प्रबंधन ने बाघ, तेंदुआ जैसे मांसाहारी जानवरों के बाड़ों में कूलर लगाए हैं। वहीं शाकाहारी जानवरों के शेड में घास और छाया की व्यवस्था की गई है। पक्षियों के पिंजरे हरे कपड़े से ढंके गए हैं, ताकि उन्हें सीधी और तेज धूप से बचाया जा सके। हरिभूमि टीम ने गुरुवार को नंदनवन का दौरा किया, जहां हिरण आदि वन्यप्राणी पेड़ों की छांव में विश्राम करते दिखे। विदेशी पक्षी जैसे शुतुरमुर्ग, बत्तख और मोर भी दोपहर के समय पेड़ के नीचे शरण लिए हुए थे। प्रबंधन ने मौसम के अनुसार सभी वन्यप्राणियों को सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं, ताकि उन्हें गर्मी से राहत मिल सके।







### बाड़े में दिन में तीन बार पानी का छिड़काव

नंदनवन में पक्षियों को तेज गर्मी से राहत दिलाने बाड़े में दिन में तीन बार पानी का छिड़काव किया जा रहा है, ताकि जमीन की ठंडक पक्षियों को मिलती रहे। केयरटेकर ने बताया कि शुतुरमुर्ग, बत्तख, मोर जैसे पक्षियों को गर्मी में दिक्कत अधिक होती है। पानी को लिए नई व्यवस्था बनाई जा रही है। यहां हर साल की तरह वन्यप्राणियों को ठंडी हवा देने की व्यवस्था की गई है। पक्षियों के लिए स्प्रिंकलर भी लगाया गया, जिससे सभी पक्षियों के बाड़े में समय-समय पर पानी का छिड़काव किया जाता है।

### ग्रीन नेट से ढंके पक्षियों के घर

नंदनवन में दर्जनभर से अधिक पक्षियों के पिंजरे ग्रीन नेट से पूरी तरह ढंक दिए गए हैं, ताकि गर्म हवा पक्षियों तक न पहुंचे। छोटे पक्षियों के लिए ग्रीन नेट की छावनी भी बनाई गई है, ताकि वन्यप्राणी इसके नीचे आकर आराम से बैठ सकें। जू प्रबंधक ने बताया कि सूर्य की तेज किरणें शेड पर पड़ती हैं तो नीचे का हिस्सा और गर्म होता है। इसलिए जू प्रबंधन ने ऊपर खस व घास बिछाई है। इसके अलावा इसके चारों तरफ फट्टे लगाए गए हैं, जो बांस के इस शेड के नीचे सूर्य की किरणें नहीं पहुंचने देते। इसके अलावा शेड के नीचे का हिस्सा ठंडा भी रहता है।



### छोटे तालाब में आराम कर रहे शेर-बाघ

नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी में भी शेर और बाघ के लिए कूलर की व्यवस्था की गई है। पिंजरों के सामने बड़े-बड़े कूलर लगाए गए हैं। शेर और बाघ के लिए छोटे तालाब की व्यवस्था की गई है। अन्य वन्यप्राणियों के बाड़े को चारों तरफ से ढंका गया है। साथ ही जानवरों के पीने के पानी की भी उचित व्यवस्था की गई है। गर्मी में जानवरों को कोई मुश्किल न हो, इसके लिए खास इंतजाम किए गए हैं।

### पक्षियों को तरबूज हिरण खा रहे खीरा

हिरण 32 से 35 डिग्री तक ही गर्मी झेल पाते हैं। इससे अधिक तापमान वह नहीं सह सकते। इसके चलते वन्यजीव संरक्षण विभाग ने हिरणों को गर्मी से बचाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। हिरण को इन दिनों आहार के रूप में तरबूज, खीरा, मटर व हरी सब्जियां दी जा रही हैं, ताकि गर्मी में हिरणों को अपने शरीर का तापमान नियंत्रित करने में मदद मिल सके। हिरण के लिए हर समय पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा पक्षियों को भी तरबूज, सेब और पपीता समेत अन्य रसदार फल दिए जा रहे हैं।

**सिटी इवेंट**

## छग के स्टूडेंट्स अब उच्च शिक्षा और अनुसंधान के लिए जा सकेंगे उज्बेकिस्तान



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अब उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए उज्बेकिस्तान जा सकेंगे और उज्बेकिस्तान के विद्यार्थी कृषि विश्वविद्यालय में अध्ययन एवं शोध कर सकेंगे। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ एवं डेनाउ इंस्टीट्यूट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी, डेनाउ, उज्बेकिस्तान के बीच समझौता किया गया। ऑनलाइन अनुबंध समारोह में द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन पर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल तथा डेनाउ इंस्टीट्यूट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी के कुलाधिसचिव (रेक्टर) प्रो. आयबेक रोजिव ने हस्ताक्षर किए। इस द्विपक्षीय समझौते के अनुसार दोनों संस्थानों के विद्यार्थी स्नातक, स्नातकोत्तर तथा शोध पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए एक-दूसरे संस्थान में जा सकेंगे। इसी प्रकार दोनों संस्थानों के प्राध्यापक एवं वैज्ञानिक भी एक-दूसरे के संस्थान में अध्ययन एवं अनुसंधान कर सकेंगे। समझौते से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के आकाश को नया विस्तार मिला है।

### सुविधाओं का जायजा लेने किया आमंत्रित

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल और उनके सहयोगियों को उज्बेकिस्तान आने तथा वहां उपलब्ध शिक्षा एवं अनुसंधान की सुविधाओं का जायजा लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। डेनाउ इंस्टीट्यूट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी के कुलाधिसचिव (रेक्टर) प्रो. आयबेक रोजिव ने कहा कि चूंकि उनका संस्थान केवल 5 वर्ष पुराना है, अतः वहां के विद्यार्थियों को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में उपलब्ध शिक्षण एवं अनुसंधान सुविधाओं का काफी लाभ मिलेगा।

### शोध के नए अवसर प्राप्त होंगे

अनुबंध समारोह को संबोधित करते हुए उज्बेकिस्तान में भारत की राजदूत स्मिता पंत ने कहा कि भारत और उज्बेकिस्तान के रिश्ते बहुत पुराने हैं तथा सदियों से भारत-उज्बेकिस्तान के मध्य व्यापार होता रहा है। दोनों देशों के नागरिक एक-दूसरे के देशों की यात्रा करते हैं। उन्होंने कहा कि डेनाउ इंस्टीट्यूट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी, डेनाउ, उज्बेकिस्तान के 22 संकाय सदस्य अध्ययन एवं शोध के लिए भारत आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि समझौते से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय तथा डेनाउ इंस्टीट्यूट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी के मध्य कृषि, पर्यावरण, जल संरक्षण तथा विज्ञान से संबंधित अन्य क्षेत्रों में शिक्षा एवं अनुसंधान के नये द्वार खुलेंगे तथा दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को उच्च शिक्षा एवं शोध के नए अवसर प्राप्त होंगे।

# समर कैंप में बच्चे नृत्य, योग, पेंटिंग और मेहंदी कला से खुद को बना रहे रचनात्मक

**रायपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीडीह में ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले छात्राओं के लिए समर कैंप की शुरुआत की गई है। विद्यालय के प्राचार्य नितिन कुमार तलोकर के मार्गदर्शन में चल रहे इस कैंप को छात्र विभिन्न गतिविधि से खुद को बेहतर बना रहे हैं। इस कैंप को अभिभावकों और छात्राओं से भरपूर सराहना मिल रही है।प्रातः 6 से 8 बजे तक आयोजित इस समर कैंप में भरतनाट्यम का प्रशिक्षण अजीत कुमारी कुजूर द्वारा निःशुल्क दिया जा रहा है, जो सिंचाई विभाग में अभियंता हैं। यह प्रशिक्षण विगत 10 दिनों से निरंतर जारी है, और छात्राओं में इसे लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।



### ग्रीष्मकालीन अवकाश तक जारी रहेगा कैंप

प्राचार्य तलोकर ने बताया कि पिछले वर्ष यह कैंप मई में हुआ था, लेकिन इस बार छात्राओं की रुचि को देखते हुए इसे अप्रैल से ही प्रारंभ कर दिया गया है। यह कैंप पूरे ग्रीष्मकालीन अवकाश तक जारी रहेगा। इस बार नृत्य के साथ-साथ योग, पेंटिंग और मेहंदी कला जैसी रचनात्मक गतिविधियों को भी शामिल किया गया है, जिससे छात्राएं विभिन्न कौशलों में दक्षता हासिल कर सकें।

# बुढ़ेश्वर मंदिर में प्रदेश स्तरीय चित्रकला-नाट्य कार्यशाला आज

**रायपुर।** संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 18 से 20 अप्रैल को बुढ़ेश्वर मंदिर बूढ़ातालाब रायपुर में प्रदेश स्तरीय चित्रकला एवं नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रि-शताब्दी जयंती के अवसर पर आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर के सौजन्य से 50 चित्रकारों को कैनवास, रंग, ब्रश और अन्य सामग्री प्रदान की जाएगी। संस्कार भारती छत्तीसगढ़ की ओर से लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन के 50 प्रमुख प्रसंगों पर चित्रकार प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे जगदलपुर, कांकेर, कोंडागांव, दुर्ग, राजनांदगांव, खैरागढ़, बिलासपुर, रायपुर, कोरबा, रायगढ़ और अंबिकापुर से चित्र बनाएंगे। चित्रकला कार्यशाला के संयोजक चंद्रशेखर देवांगन (बिलासपुर) और भोजराज धनगर (रायपुर) होंगे।

### रंगकर्मी भी लेंगे हिस्सा

रंगमंच कार्यशाला में प्रदेशभर के रंगकर्मी भी हिस्सा लेंगे। नाट्य कार्यशाला में चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष सुदेश शर्मा और प्रदेश के वरिष्ठ रंगकर्मी राकेश तिवारी रायपुर में शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। नाट्य कार्यशाला के संयोजक डॉ. आनंद पांडे होंगे। संस्कार भारती रायपुर महानगर के अध्यक्ष और साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ शासन के नवनियुक्त अध्यक्ष शशांक शर्मा ने कार्यशाला की तैयारी को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को व्यवस्था संबंधित दिशा-निर्देश दिए हैं।

## आईसीएआई ने कॅरियर काउंसिलिंग देने कृष्णा पब्लिक स्कूल में किया आयोजन

# 12वीं तक कॉमर्स किया तो इसमें बनाएं कॅरियर, कम अंक आने से डरने की जगह चुनौती की तरह लें

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** जाने कितने ही विद्यार्थी 12वीं तक कॉमर्स लेकर पढ़ाई करते हैं, लेकिन कम अंक मिलने से डर जाते हैं। ऐसे विद्यार्थी विषय बदल लेते हैं। यह निर्णय किसी भी लिहाज से करियर के लिए सही नहीं होता है। बेहतर होगा कि 12वीं तक कॉमर्स लेकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी आगे इसे चुनौती की तरह लेते हुए इस फिल्ड में ही करियर बनाएं। कुछ इसी तरह की जानकारी गुरुवार को आईसीएआई रायपुर शाखा द्वारा मेगा करियर काउंसलिंग सत्र में एक्सपर्ट द्वारा दी गई। कृष्णा पब्लिक स्कूल में किए गए आयोजन में इस साल भी 500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। रायपुर शाखा के अध्यक्ष सीए विकास गोलछा ने बताया कि इस काउंसिलिंग का उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉमर्स में करियर की संभावनाओं से अवगत करना और चार्टेर्ड अकाउंटेंट की जानकारी उपलब्ध करना था।



### कॉमर्स भविष्य के लिए बेस्ट ऑप्शन

इसमें मुंबई से आए आईसीएआई करियर काउंसिलिंग कमेटी के चेयरमेन सीए दुर्गेश काबरा ने विद्यार्थियों को चार्टेर्ड अकाउंटेंट कोर्स की बारिकियों के बारे में बताया। साथ ही सेंट्रल काउंन्सिल मेंबर सीए राजेश शर्मा, न्यू दिल्ली एवं रायपुर शाखा के पूर्व अध्यक्ष सीए अमिताभ दुबे ने कॉमर्स में भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए रोचक जानकारी दी। बताया कि आने वाले समय में जिस तेजी से व्यापार और उद्योग बढ़ने की संभावनाएं नजर आ रही हैं। अगर उस लिहास से भी देखे तो कॉमर्स करियर के लिए बेस्ट ऑप्शन होगा।



### विकास के लिए अब तकनीक को जानें

इसमें स्कूल की प्राचार्य प्रियंका त्रिपाठी, रश्मि वर्मा, रवि जैन, ऋषिकेश यादव, शीतल काला प्रमुख रूप से मौजूद थे। इन सभी ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। विद्यार्थियों को बताया कि भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) एक वैधानिक निकाय है। देश में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के पेशे के नियमन और विकास के लिए समय के साथ तकनीकी, नैतिक क्षेत्र में भी उच्चतम मानकों को बनाए रखने और परीक्षा-शिक्षा मानकों को बनाए रखा है। इसके लिए न केवल देश, बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रमुख लेखा निकाय है।

सिटी लाइव

## अर्थ डे पर ईको क्लब अब देगा फ्यूल फ्री डे का संदेश




**रायपुर।** देश-दुनिया में 22 अप्रैल को अर्थ डे (पृथ्वी दिवस) मनाया जाता है। इस दिन धरती माता को प्रदूषण से बचाने के लिए प्रयास करते हुए मनाया जाता है। इस वर्ष का मुख्य विषय हमारी शक्ति हमारा ग्रह रखा गया है। इस पृथ्वी दिवस पर हमें तपती हुई धरती को बचाने के लिए सौर और इलेक्ट्रिक ऊर्जा का उपयोग करने के लिए संकल्पित करने का प्रयास किया जाएगा। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल रायपुर के सहयोग से भारत माता अंग्रेजी माध्यम शाला बिलासपुर ईको क्लब के छात्र-छात्राओं द्वारा अर्थ डे पर लोगों को सिग्नल पर रुकते समय गाड़ी का इंजन बंद रखने के लिए मैसेज देते हुए फ्यूल फ्री डे के लिए सजग किया जाएगा।

### इंजन बंद रखने के लिए करेंगे अपील

आयोजन को लेकर गुरुवार को ईको क्लब प्रभारी पानू हलदार भारत माता स्कूल के विद्यार्थियों को लेकर पत्रकारवार्ता लेने पहुंचे थे। शहर में डीजल, पेट्रोल से चलने वाले वाहनों का उपयोग सप्ताह में एक दिन नहीं करने, चौक-चौराहों पर सिग्नल बंद होने पर वाहनों का इंजन बंद रखने के साथ घर-आफिस में भी बेवजह बिजली का उपयोग करने से बचने की सलाह व संदेश शाला के प्राचार्य फादर सलीन द्वारा दिया जाएगा। इस कड़ी में शहीद संजय यादव हायर सेकंडरी स्कूल संजय नगर में ईको क्लब के सभी बच्चों ने फ्यूल फ्री डे मनाने की शपथ ली और सभी को इस महाभियान में जुड़ने की अपील की।

समाज लाइव

## सनानत संस्कृति महासम्मेलन में 200 कुण्डीय धर्म रक्षा महायज्ञ



**रायपुर।** प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस को 19-20 अप्रैल को मनाने की तैयारी की जा रही है। जीई रोड स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सनातन संस्कृति महासम्मेलन के साथ ही 200 कुण्डीय धर्म रक्षा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को पत्रकारवार्ता में योग आयोग के अध्यक्ष और संयोजक रूपनारायण सिन्हा ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती समग्र क्रांति के अग्रदूत, प्रखर वक्ता,समता मंत्र दाता, नारी जाति के उद्धारक, विचारक एवं हिंदू समाज के महान समाज सुधारक थे। सभा के प्रधान रामकुमार पटेल ने बताया कि वर्तमान में आर्य समाज की 99 मान्यता प्राप्त शाखाएं और संस्थाएं काम कर रही हैं।

### धार्मिक आयोजनों की सजेगी श्रृंखला

इस सम्मेलन में सभी संस्थाएं सहभागिता के साथ धर्म संस्कृति और समाज को दिशा देने काम भी करेंगी। महामंत्री अवनि भूषण पुरंग ने बताया कि 19 अप्रैल को सुबह 8 से रात 9 बजे तक धर्म रक्षा महायज्ञ के साथ ही वैचारिक मंथन के साथ सांस्कृतिक प्रोग्राम भी होंगे। वहीं 20 अप्रैल तो सुबह 8 से शाम 5 बजे तक धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला सजाई जाएगी। इसमें शामिल होने के लिए विभिन्न क्षेत्र से आचार्यों को भी आमंत्रित किया गया है। साथ ही सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा सहित कई प्रतिनिधियों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है।

शहर के इतिहासविद बोले-छत्तीसगढ़ में सिरपुर विश्व धरोहर, इसे संजोने के लिए अब प्रयास जरूरी

# कला वीथिका-टाउन हॉल, सप्रे स्कूल और केसर ए हिंद-डे भवन अब तक मूल स्वरूप में कायम

*सिरपुर में उत्खनन से मिले जैन धर्म, बौद्ध धर्म, शैव धर्म और शास्त्र धर्म का केंद्र होने का प्रमाण संजोए हुए हैं। शहर के इतिहास एवं शिक्षाविद इसे विश्व धरोहर के रूप में संजोने की पैरवी करते हैं। वहीं शहर में महारानी विक्टोरिया के मुकुट की आकृति वाली कला वीथिका, टाउन हॉल, सप्रे स्कूल, केसर ए हिंद, डे भवन को धरोहर के रूप में अभी तक मूल स्वरूप में कायम होने और इन्हें आगे भी यथावत रखने की सलाह शासन-प्रशासन को दे चुके हैं।'*






**रायपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित टाउन हॉल को पहले विक्टोरिया जुबली टाउन हॉल के नाम से जाना जाता था। शहर में कई ऐसे भवन हैं, जिसे कलचुरी राजा द्वारा बनवाया गया था। जो अभी तक रायपुर में यथावत हैं। राजधानी में कई भवनों की जहां सूरत बदल गई है। वहीं आधुनिक इमारतें दिन-ब-दिन नए इतिहास गढ़ रही हैं। ऐसे में पुराने रायपुर और शहर में मौजूद भवनों का जिक्र करना लाजिमी हो जाता है। कलेक्ट्रेट से लगा हुआ यह एक सुंदर सभाकक्ष है। इसका निर्माण 1887 को हुआ और एक साल बाद 1888 में बना। इसका उद्घाटन 1890 में हुआ। इस हाल में लगी सूची के तहत कई राजाओं और संगठनों ने इसके निर्माण में सहयोग दिया है। इतिहासकार प्रो. रमेंद्रनाथ मिश्र और शिक्षाविद सुरेश ठाकुर ने उक्त जानकारी दी।

### ताज की आकृति में निर्मित भवन

उन्होंने बताया कि महंत घासीदास ने घड़ी चौक स्थित महाकौशल कला वीथिका का निर्माण कराया था। यह अष्टकोणीय भवन दुनिया में कला का दुर्लभ नमूना है। इसे बाहर से देखने पर महारानी विक्टोरिया के ताज की तरह ही दिखाई देता है। इसका स्वरूप अभी तक नहीं बदला है। इसे संरक्षित करने के लिए कई बार शासन-प्रशासन से आग्रह किया गया। इसी तरह रवि भवन के प्रवेश द्वार पर बना केसर ए हिंद भी ऐतिहासिक महत्व से जुड़ी धरोहर है। इसके चार में से दो गुंबद ही वर्तमान में बाहर से दिखाई दे रहे हैं।



### संग्रहालय का निर्माण 1875 में राजनांदगांव के राजा ने कराया था

कलेक्ट्रेट के सामने निर्मित इस संग्रहालय का उद्घाटन भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने 21 मार्च 1953 को किया था। इस संग्रहालय में छत्तीसगढ़ से जुड़ीं कई दुर्लभ पुरातात्विक महत्व की मूर्तियां, अभिलेख और सिक्के हैं। राजनांदगांव की रानी ज्योति देवी ने दान से प्राप्त धन से इस संग्रहालय का निर्माण किया था। वहीं पुराना संग्रहालय नाम से प्रसिद्ध एक अन्य संग्रहालय का निर्माण 1875 में राजनांदगांव के राजा महंत घासीदास ने कराया था। इसी तरह कोतवाली थाना के पास स्थित डे भवन भी खास है। यहां स्वामी विवेकानंद का बचपन बीता है। इस भवन का भी मूल स्वरूप अभी तक लोगों के बीच कायम है।

### भवनों के मूल स्वरूप को बचाने आग्रह

उन्होंने बताया कि शहर में धरोहर के रूप में माधवराव सप्रे स्कूल, जिसे अंग्रेजों के जमाने में लॉरी स्कूल के नाम से जाना जाता था, वह अभी तक मूल स्वरूप में विद्यमान है। हालांकि ऐतिहासिक मैदान का अब अस्तित्व खो चुका है। इसी तरह पुलिस लाइन के पास सेंट पॉल स्कूल भी शहर में प्राचीन धरोहरों में से एक है। इनका स्वरूप न बदला जाए, इन्हें संरक्षित किया जाए। प्रो. मिश्र ने बताया कि इसके लिए अभी तक कई बार संस्कृति विभाग के आयोजनों में शासन-प्रशासन के जिम्मेदारों से आग्रह भी कर चुके हैं।

## प्रभु यीशु के बलिदान की स्मृति में आज क्रूस जुलूस, चर्चों में होगा सात वचनों पर मनन

### चर्च में हुई पुण्य गुरुवार की आराधना



**रायपुर।** प्रभु यीशु मसीह के मानवता के उद्धार के लिए दिए गए बलिदान की स्मृति में आज गुड फ्राइडे संजीदगी और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। ईसाई समुदाय के लिए शोक और आत्मचिंतन का प्रतीक है, जब प्रभु यीशु को क्रूस पर चढ़ाया गया था।

इस मौके पर होलीक्रॉस स्कूल से सेंट जोसेफ महागिरजाघर तक क्रूस का रास्ता का पारंपरिक संस्कार होगा। गुड फ्राइडे के अवसर पर होलीक्रॉस स्कूल से सेंट जोसेफ महागिरजाघर तक पारंपरिक 'क्रूस का रास्ता' जुलूस निकाला जाएगा। इस दौरान प्रभु यीशु द्वारा क्रूस पर कहे गए सात वचनों पर चर्च में विशेष मनन और प्रार्थनाएं आयोजित की जाएंगी। गुरुवार को चर्च में 'पुण्य गुरुवार' की आराधना हुई, जिसमें प्रभु यीशु द्वारा अपने शिष्यों के साथ किए गए अंतिम भोज की स्मृति में 'प्रभु भोज' का पवित्र संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर धर्मगुरुओं ने नम्रता का संदेश देते हुए समाजजनों के चरण धोए।

### गुड फ्राइडे पर विभिन्न चर्चों में विशेष आराधनाएं

- सेंट पॉल्स कैथेड्रल: सीएनआई के डिप्टी मॉडरेटर बिशप मनोज चरण और छत्तीसगढ़ डायसिस की बिशप सुषमा कुमार दोपहर 12 बजे आराधना संपन्न कराएंगे।
- सेंट जोसेफ महागिरजाघर: आर्च बिशप विक्टर हैनरी ठाकुर, वीजी फादर सबास्टियन पी. और फादर जॉन जेवियर पवित्र मिसा संस्कार संपन्न कराएंगे।
- मारथोमा चर्च शांतिनगर: रेवरेंड सेंजो पी. वर्गीस द्वारा सुबह 9 बजे आराधना आयोजित की जाएगी।
- सेंट मेरी ऑर्थोडॉक्स चर्च: फादर केआई वर्गीस द्वारा सुबह 8 बजे आराधना संपन्न की जाएगी।
- ईस्टर के अवसर पर रविवार सुबह 5 बजे कब्रिस्तान में 'सनराइज सर्विस' और सुबह 9 बजे कैथेड्रल में विशेष आराधना होगी। इसके अलावा सेंट पॉल्स कैथेड्रल परिसर में शाम 6 बजे से ईस्टर मेले का आयोजन किया जाएगा।

## उद्यमी और मार्केटिंग-बिजनेस मॉडल डेवलपमेंट के लिए दी सीख




**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में आयोजित 18 दिवसीय सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यशाला का गुरुवार को सफल समापन किया गया। इसके पहले छत्तीसगढ़ एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेंटर ने युवाओं के लिए कार्यशाला संचालित की गई। इसके लिए वाणिज्य एवं उद्योग विभाग छत्तीसगढ़ शासन के साथ ही एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने एक संयुक्त पहल किया। इसमें छात्रों को उद्यमिता के मूल सिद्धांतों, आयडिया जेनरेशन, मार्केट रिसर्च, बिजनेस मॉडल डेवलपमेंट, बिजनेस रजिस्ट्रेशन जैसे पहलुओं को बताने और सिखाने के लिए एक्सपर्ट द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों को इंडस्ट्रियल विजिट का अवसर भी मिला। इससे उन्हें व्यावसायिक दुनिया की वास्तविक समझ भी प्राप्त हुई।

### नवाचार के प्रति हमेशा सजग रहें

कार्यक्रम में बतौर अतिथि मुकुल वेदी, रविवि की ओर से डॉ. लुकेश्वर सिंह गजपाल, प्रो. राजीव चौधरी का छात्रों को मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्राप्त हुआ। इस प्रशिक्षण को सफल बनाने में मेराज मीर के साथ सानिया शेख ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया और प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें उद्यमिता की व्यावहारिक जानकारी दी। समापन समारोह में वक्ताओं ने छात्रों को नवाचार के प्रति जागरूक रहने और अपने विचारों को वास्तविकता में बदलने की प्रेरणा दी। बताया कि छोटे स्तर पर शुरू किया गया व्यवसाय भी सही मार्ग दर्शन और प्रयास से बड़ी ऊंचाइयां छू सकता है।

## भरत जैसा संसार में कोई भक्त नहीं, परोपकार ही सच्ची भक्ति



रायपुर। जड़भरत चरित्र की कथा के इस पावन शुभ अवसर पर कथा व्यास आचार्य पं. झम्मन शास्त्री जी ने कथा में कहा कि निर्धन और पीड़ितों की सेवा ही भगवान की भक्ति है। भरत जैसा कोई भक्त नहीं हो सकता, भरत से ही भारतवर्ष नाम पड़ा है।उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मन और चित्त शुद्ध होता है। मन को काले रंग के भंवरे की भांति बनाना चाहिए, जैसे भंवरा फूल पर मंदार आता है, उसी प्रकार भगवान के श्रीचरणों में मन को लगा देना चाहिए। कथा के द्वारा ध्यान, भक्ति और वैराग्य बढ़ता है। संत समाज समाज की समस्याओं को सहजता से दूर करने में मार्गदर्शन देता है। व्यास पीठ राजतंत्र को हमेशा निर्देश देती है। सत्संग में जाने से बहुत सी समस्याएं दूर हो जाती हैं, आत्मसमर्पण की भावना आ जाती है। उन्होंने कहा कि भगवान को याद करना चाहिए। काम करते वक्त भगवान को याद करने से कई प्रकार के लाभ प्राप्त होते हैं। किसी पीड़ित, दुखी और विपत्ति में फंसे लोगों को सहायता करनी चाहिए।

### आकाशवाणी से देवताओं की वाणी सुनी जाती थी

हर व्यक्ति के साथ प्रेम और दया करनी चाहिए, परोपकार ही भक्ति है। लोगों ने भक्ति को समुचित दायरे में ला दिया है। जो व्यक्ति माला जपता है, पूजा करता है, प्राणीमात्र के प्रति दया, प्रेम और सहिष्णुता रखता है, वही व्यापक भक्त बन जाता है।उन्होंने बताया कि सत्कर्म क्या हैवातावरण, विचार, भक्ति भाव आदि का शुद्ध होना और परोपकार की भावना होना, यही सत्कर्म है। प्राचीन समय में इसी वजह से दिव्यता थी और इसी वजह से मृत्यु लोक में निवास करने वाली आकाशवाणी से देवताओं की वाणी सुनी जाती थी। बार-बार पढ़ना और सुनना सत्संग है। ब्रह्मज्ञान होने पर भी श्रीमद्भागवत कथा सुननी चाहिए। आंतरिक मन को धोना चाहिए। जिसका मन पवित्र हो जाता है, वह भगवान तक पहुंच जाता है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### राजसिंह डुंगरपुर अंडर-14 ट्रॉफी के लिए टीम घोषित, अंशुमान कप्तान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा राजसिंह डुंगरपुर अंडर-14 ट्रॉफी - 2025 हेतु खिलाड़ियों का चयन कर सूची जारी कर दी गई है। यह टीम 20 अप्रैल से सेन्ट्रल जोन द्वारा आयोजित राजसिंह डुंगरपुर अंडर 14 ट्राफी - 2025 में हिस्सा लेगी।

टीम में आर्य ध्रुव जशपुर, अंजन्या परिहार रायपुर, अंकुश कुमार रायगढ़, अंकुश कुमार भिलाई स्टील प्लांट, कप्तान अंशुमान ठाकुर रायपुर, अनुराग टोप्पो जशपुर, आरुष जसवानी रायपुर, आर्यन अग्रवाल रायपुर, चंद्र प्रकाश साहू जांजगीर चांपा, कुन्दन कोठारी (विकेट कीपर),पेरुगु आर्यन रायपुर, सचिन कुमार (विकेट कीपर), शौर्य जायसवाल रायपुर, सोहम सिंह भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन,सुजल देवांगन राजनांदगांव और युवराज यादव रायगढ़ शामिल हैं। टुर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के साथ देहरादून में विभिन्न टीमों के मुकाबले तय किए गए हैं। जिसमें छत्तीसगढ़ विरुद्ध मध्य प्रदेश 20-21 अप्रैल,छत्तीसगढ़ विरुद्ध विदर्भ 23-24 अप्रैल, छत्तीसगढ़ विरुद्ध राजस्थान 26-27 अप्रैल और छत्तीसगढ़ विरुद्ध उत्तर प्रदेश 29-30 अप्रैल मुकाबला होगा।

### खेल अकादमी के लिए चयन ट्रायल 21 से



**रायपुर।** रायपुर जिले में संचालित विभागीय आवासीय खेल अकादमी तीरंदाजी (बालक/बालिका), एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में संचालित होने वाली आवासीय खेल अकादमी फुटबॉल (बालिका) में खिलाड़ियों के नवीन प्रवेश हेतु चयन ट्रायल का आयोजन 21 से 23 अप्रैल तक होगा। वहीं आवासीय खेल अकादमी हॉकी (बालक/बालिका) एवं एथलेटिक्स (बालक/बालिका) का चयन ट्रायल का आयोजन 25 से 27 अप्रैल तक में किया जाएगा। उक्त चयन ट्रायल समय सुबह 07.00 बजे से खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुसार किया जा रहा है। इस चयन ट्रायल में राज्य के बालक/बालिका खिलाड़ी एवं अन्य राज्यों के 13-17 आयु वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित हो सकते है। जिसमें पहले दिन खिलाड़ियों का पंजीयन, दस्तावेज परीक्षण, चिकित्सकीय परीक्षण, दूसरे दिन शारीरिक दक्षता परीक्षण स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा, रायपुर में और तीसरे दिन खेल कौशल परीक्षण तीरंदाजी खेल हेतु तीरंदाजी एरिना बालिका खेल छात्रावास के सामने मैदान, रायपुर में हॉकी खेल हेतु सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पिच-02 बालक खेल छात्रावस के सामने रायपुर में तथा फुटबॉल एवं एथलेटिक्स खेल हेतु स्वामी विवेकानंद कोटा स्टेडियम, रायपुर में किया जाएगा।

चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति के द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। खेल अकादमी संचालन नियम 2014 अंतर्गत अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान, प्लेईंग किट, दुर्घटना बीमा आदि सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। आवासीय खेल अकादमी, हेतु चयन ट्रायल का आयोजन निर्धारित तिथि और स्थल पर किया जावेगा। चयन ट्रायल में सम्मिलित होने खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण के जिला कार्यालयों से संपर्क कर सकते है, साथ ही खिलाड़ी सीधे आयोजन तिथि के पहले दिन स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में सुबह 07 बजे से पंजीयन करा कर सम्मिलित हो सकते है।

बिलासपुर जिले में संचालित खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक बालक-बालिका की आवासीय खेल अकादमी संचालित है तथा राज्य शासन द्वारा बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी संचालित है। उक्त आवासीय अकादमी में सत्र 2025-26 हेतु नवीन खिलाड़ियों को प्रवेश दिये जाने हेतु चयन ट्रायल का आयोजन 29 एवं 30 अप्रैल 2025 तक स्व. बी. आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई, में किया जाएगा। चयन ट्रायल समय सुबह 07-00 बजे से खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुसार किया जा रहा है। इस चयन ट्रायल में राज्य के बालक/बालिका 1317 आयु वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित हो सकते है। ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति के द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। खेल अकादमी संचालन नियम 2014 अंतर्गत अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान प्लेईंग किट दुर्घटना बीमा आदि सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। चयन ट्रायल में सम्मिलित होने हेतु खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण के जिला कार्यालयों से संपर्क कर सकते है, साथ ही खिलाड़ी सीधे आयोजन स्थल में पहुंचकर 07 बजे से पंजीयन करा कर सम्मिलित हो सकते है।

### ट्रांसफैट से बढ़ता है हार्ट अटैक का खतरा, गलत तरीके और अधिक सेवन से नुकसान

# फैट खाने से वजन बढ़ने का मिथक अब टूट रहा, फैट भी जरूरी है शरीर के लिए

वजन कम करने के लिए फैट फूड को खाना बंद करना होगा। यह दुनिया का सबसे बड़ा मिथक है। इसका कारण है कि अधिकतर लोगों का मानना है, कि फैट खाने से ही वजन बढ़ता है। जबकि ऐसा नहीं है, प्रोटीन और कार्ब की तरह फैट भी शरीर के लिए काफी जरूरी होता है।

फैट खाने के कई फायदे हैं, जैसे टेस्टोस्टेरोन का लेवल बढ़ाता है,शरीर के विभिन्न कार्यों में मदद करता है, फैट खाने से गहरी नींद आती है,हड्डी और जोड़ों के लिए है अच्छा,स्किन के लिए महत्वपूर्ण है आदि। फैट खाने से वजन नहीं बढ़ता बल्कि फैट के गलत प्रकार का अधिक सेवन करने से वजन बढ़ता है। जो कि कई फैक्टर्स पर निर्भर करता है। लंबे समय तक सैचुरेटेड फैट और ट्रांस फैट के सेवन से शरीर में चर्बी का स्टोरेज होने लगता है और वजन बढ़ने लगता है।

ट्रांसफैट को अनहेल्दी फैट के रूप में जाना जाता है, जिसके सेवन से कई हेल्थ रिस्क हो सकती हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों में ट्रांस फैट के सेवन में काफी कमी देखी गई है। लेकिन अभी भी ट्रांस फैट रोजमर्रा की चीजों में मिल जाता है। तो आइए जानते हैं, ट्रांस फैट के बारे में वो सब जो जानना काफी जरूरी है। खाद्य पदार्थों में दो प्रकार के ट्रांस फैट पाए जाते हैं, प्राकृतिक ट्रांस फैट और आर्टिफिशिअल ट्रांस फैट। प्राकृतिक ट्रांस फैट कुछ जानवरों के पेट में उत्पन्न होते हैं।





### ट्रांसफैट हेल्थ को कैसे प्रभावित करते हैं ?

ट्रांस फैट आपके खराब (एलडीएल) कोलेस्ट्रॉल के लेवल को बढ़ाते हैं और अच्छे (एचडीएल) कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करते हैं। ट्रांस फैट खाने से हृदय रोग और स्ट्रोक होने का खतरा बढ़ जाता है। यह टाइप-2 डायबिटीज के विकास के जोखिम को भी बढ़ा देता है।

हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाने में कृत्रिम ट्रांस फैट की भूमिका सामने आई है। रिसर्च के मुताबिक, फैट के अन्य प्रकार या कार्ब्स की बजाय ट्रांस फैट का सेवन करने वाले लोगों का एलडीएल (खराब) कोलेस्ट्रॉल में वृद्धि हुई थी।


### ट्रांसफैट इतना फेमस क्यों है ?

1990 से पहले, ट्रांस फैट के बारे में बहुत कम जानकारी थी कि ट्रांस फैट आपके स्वास्थ्य को कैसे नुकसान पहुंचा सकता है। लेकिन 1990 के दशक में, रिसर्च ने ट्रांस फैट के बारे में रिसर्च शुरू की। इन निष्कर्षों के आधार पर, एफडीए ने ट्रांस फैट के लिए लेबलिंग नियम बनाए और हाल के दशकों में अमेरिका में खपत में कमी आई है। इस कारण से नियमानुसार ट्रांस फैट की मात्रा को किसी भी फूड प्रोडक्ट के लेवल पर मेंशन करना जरूरी हो गया है।



### ट्रांस फैट किन खाद्य पदार्थों में होता है?

ट्रांस फैट कई खाद्य पदार्थों में पाया जा सकता है। जिसमें डोनट्स जैसे तले हुए खाद्य पदार्थ और केक , पाई क्रस्ट , बिस्कुट , फ्रोजन पिज्जा, कुकीज , क्रैकर्स , स्टिक मार्जरीन और अन्य स्प्रेड सहित बेक किए गए सामान शामिल हैं। आप न्यूट्रिशन लेवल देखकर भी प्रोडक्ट में ट्रांस फैट की मात्रा का पता लगा सकते हैं। हालांकि, कुछ प्रोडक्ट की प्रति सर्विंग 0 ग्राम से 0.5 ग्राम से कम ट्रांस फैट होता है तो वहां ₹0 ग्राम ट्रांस फैट₹ भी लिखा होता है।



इसलिए लेवल देखकर और 'आंशिक रूप से हाइड्रोजनीकृत तेल' के रूप में लिखे हुए प्रोडक्ट या इंग्रेडिएंट को देखकर ट्रांस फैट का पता लगा सकते हैं।

### ट्रांसफैट खाने से कैसे बचें

ट्रांस फैट से पूरी तरह बचना काफी मुश्किल हो सकता है। कुछ देशों में तो फूड प्रोडक्ट पर ₹ट्रांस-फैट-फ्री₹ लेबल लगाकर प्रोडक्ट बेचे जाते हैं, लेकिन इंडिया में ऐसा नहीं है। इसलिए लेबल जरूर चेक करें। डोनट्स, कुकीज, क्रैकर्स, मफिन, पाई और केक ऐसे खाद्य पदार्थों के उदाहरण हैं जिनमें ट्रांस फैट हो सकता है।



## वर्कआउट करते समय जल्दी नहीं होगी थकान, अपनाएंगे ऐसे टिप्स

जिम में जाकर हैवी वर्कआउट करना हो या दिनभर कोई मुश्किल भरा काम करना हो। किसी के लिए ये आसान होता है तो कुछ लोगों के लिए ये मुश्किलभरा होता है।

जो लोग इस तरह का काम करने में परेशान हो जाते हैं, उन्हें थकान होने लगती है या सांस फूलने लगती है। यह पूरा मामला 'स्टैमिना' से जुड़ा होता है। जी हां, किसी भी भारी काम को लंबे समय तक करने के लिए जिस फिजिकली पावर की जरूरत होती है, वही स्टेमिना है। यह बात तो आप जानते ही होंगे कि लाइफ को बेहतर बनाने के लिए माइंड और बॉडी का कनेक्शन जरूरी होता है। जैसे-जैसे आपकी फिजिकली और मेंटली पावर बढ़ेगी, वैसे ही स्टेमिना भी बढ़ेगा। कुछ लोग स्टेमिना बढ़ाने के लिए आसान तरीके आजमाते हैं। वहीं कुछ लोग स्टेमिना बढ़ाने के लिए बॉडी वेट वर्कआउट करते हैं। कुछ लोग स्टेमिना बढ़ाने के लिए इंटरनेट पर इस तरह की टर्म भी सर्च करते हैं -स्टेमिना कैसे बढ़ाएं,स्टेमिना बढ़ाने के घरेलू उपाय स्टेमिना बढ़ाने के आसान तरीके

स्टेमिना बढ़ाने के लिए एक्सरसाइज आदि। फिटनेस लेवल और ताकत पता करके स्ट्रेंथ का पता लगाया जा सकता है। लेकिन स्टेमिना लेवल का पता लगाने के लिए जिम में हैवी वर्कआउट का समय देखने की जरूरत होती है।

यदि आप भी वर्कआउट करते समय जल्दी थक जाते हैं



तो आपको स्टेमिना इम्प्रूव करने की जरूरत है। आज हम आपको स्टेमिना इम्प्रूव करने के कुछ आसान टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करने से धीरे-धीरे रिजल्ट मिल सकते हैं।

### स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और कार्डियो

अधिकतर लोग एक दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करते हैं और दूसरे दिन कार्डियो। लेकिन क्या आपने सोचा है कि इन दोनों को एक ही दिन करने से क्या होगा?

यदि आप सिर्फ कार्डियो करते हैं तो वो आपको स्टेमिना और एंड्यूरेंस बढ़ाने से रोकेगा। इसलिए आपको स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और कार्डियो साथ में करना चाहिए।

कारण है कि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से मसल्स मास बढ़ता है, जिससे मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और स्टैमिना बूस्ट होता है। आपके अंदर ताकत आती है, जिससे आप एक्सरसाइज के दौरान आसानी से हैवी वेट को उठा पाएंगे और कम ऑक्सीजन ग्रहण करेंगे। इससे आपको थकान भी काफी कम होगी। यदि आप सिर्फ कार्डियो करते हैं तो मसल्स लॉस होने के कारण ताकत कम रहेगी, जिसका रिजल्ट आने वाले दिनों में मिलेगा और आप हैवी वेट नहीं उठा पाएंगे।

### रेस्ट पीरियड कम करें

ट्रेनिंग के दौरान रेस्ट पीरियड कम करने से भी स्टेमिना बढ़ाने में मदद मिलती है। इसके लिए हमेशा इंटेंस मूवमेंट या एक्सरसाइज करें ताकि रेस्ट पीरियड कम से कम हो।

## शाम के समय आरती की लौ चारों दिशाओं में क्यों दिखाते हैं, जानिए वजह

बता दें, बिना आरती के पूजा अधूरी मानी जाती है। कुछ लोग आरती करने के बाद पौधे के पास दीपक रखते हैं। जो वास्तु शास्त्र के अनुसार शुभ माना जाता है। अब ऐसे में मंदिर में शाम की आरती के बाद आरती की लौ को चारों दिशाओं में दिखाई जाती है। इसका महत्व जरूर जानिए।

### उत्तर दिशा में आरती की लौ दिखाना

उत्तर दिशा में भगवान शिव और कुबेर देवता का वास होता है। शास्त्रों में भगवान कुबेर को धन-संपत्ति का देवता माना गया है। साथ ही महादेव को दिशा अत्यंत प्रिय है। इसलिए इस दिशा में संध्या के समय आरती की लौ दिखाई जाती है। इससे व्यक्ति को शुभ परिणाम मिलते हैं और सुख-समृद्धि की भी प्राप्ति होती है।

### पश्चिम दिशा में आरती की लौ दिखाना

पश्चिम दिशा शनिदेव की मानी जाती है। इसलिए इस दिशा में संध्या के समय आरती की लौ दिखाई जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस दिशा में आरती की दिखाने से व्यक्ति पर शनिदेव की कृपा बनी रहती है और शनि दोष से भी छुटकारा मिल सकता है।

### पूर्व दिशा में आरती की लौ दिखाना

पूर्व दिशा भगवान विष्णु की दिशा मानी जाती है। इसलिए इस दिशा में आरती की लौ दिखानी चाहिए। इससे विष्णु जी प्रसन्न होते हैं और व्यक्ति के ऊपर श्रीहरि की कृपा बनी रहती है। इस दिशा में आरती की लौ दिखाने से सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है।

### दक्षिण दिशा में आरती की लौ दिखाना

दक्षिण दिशा यम और पितरों का दिशा माना जाता है। इसलिए इस दिशा में संध्या की आरती दिखाने से पितृ प्रसन्न होते हैं और व्यक्ति को अकाल मृत्यु से भी छुटकारा मिल सकता है । इसलिए इस दिशा में संध्या आरती दिखाएं।



### आरती करने के नियम क्या हैं?

अगर आप आरती कर रहे हैं, तो एक ही स्थान पर खड़े होकर करनी चाहिए। आरती करने के दौरान थोड़ा झूकना चाहिए। आरती करते समय भगवान की चरणों की ओर चार बार, नाभि की और दो बार, मुख की ओर एक बार और शरीर की सभी अंगों की ओर सात बार करनी चाहिए। इसलिए इस बात का ध्यान अवश्य रखें।

## चावल से बनी कांजी पेट की गर्मी को करेगी दूर

पेट को ठंडा करने के लिए चावल से बनी कांजी के सेवन को बहुत लाभदायक माना गया है। सबसे पहले चावल को पानी में डालकर धो लें। इससे चावल की सभी गंदगी पानी से साफ हो जाएगी और स्टार्च भी साफ हो जाएंगे। अब चावल को पकाना है, इसके लिए एक बर्तन में पानी गर्म करने के लिए रखें। पानी गर्म हो जाए तो चावल को डालकर उबाल लें। चावल पक जाए तो बचे हुए पानी को छान लें। चावल के इस स्टार्च वाले पानी को फेंकना नहीं है, यही चावल का कांजी है, जो हमारे सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। चावल का पानी बच जाए तो आप इसे फ्रिज में स्टोर कर बाद में भी इसका स्वाद और लाभ ले सकते हैं।



चावल की कांजी बनाने के लिए चावल को साफ पानी में धोकर एक तरफ रखें।अब एक बर्तन में चावल को पकाने के लिए पानी गर्म करने के लिए रखें।

## चुस्त-दुरुस्त रहने हेल्दी मील प्लान, दिनभर बिजी रहने के बावजूद नहीं होगा थकान का अहसास

कहते हैं स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग रहता है। यानी आप स्वस्थ नहीं होंगे और आपको किसी प्रकार की शारीरिक समस्या है, तो आप किसी भी काम को अच्छी तरह नहीं कर पाएंगे। आजकल यंगस्टर्स में भी फिटनेस की कमी देखी जाती है। इसका मुख्य कारण है उनका दिनभर बिजी रहना। सुबह से शाम तक शेड्यूल टाइट रहने पर वे सही से खाने के लिए समय भी नहीं निकाल पाते। ऐसे में वे समय बचाने के लिए कैफेटेरिया या किसी दुकान से जंक फूड लेकर खा लेते हैं।

इतना ही नहीं कई बार तो दोपहर का लंच भी स्किप हो जाता है, जिससे भूख बढ़ने पर आप अगली मील हैवी करते हैं। इस तरह बिगड़ी हुई लाइफ स्टाइल सीधा असर आपके स्वास्थ्य पर डालती है।

















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एलेक्जेंड्रा डैडारियो ने 'मेफेयर विचेज' के सीजन 3 का किया खुलासा



16 साल की उम्र में 'ऑल माई चिल्ड्रन' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाली एलेक्जेंड्रा डैडारियो को 'पर्सी जैक्सन' फिल्म में एनाबेथ चेस और एचबीओ की टीवी सीरीज 'ट्रू डिटेक्टिव' के पहले सीजन में लिसा ट्रैगनेट्टी की भूमिका के लिए जाना जाता है। अब एलेक्जेंड्रा ने अपनी सुपरनैचुरल सीरीज 'मेफेयर वीचेज' के बारे में एक अहम जानकारी शेयर की है।आउटलेट के अनुसार, 'मेफेयर विचेज' के तीसरे सीजन की शूटिंग सलेम और मैसाचुसेट्स में की जाएगी। इसके नए सीजन में थॉमस श्नौज और एस्टा स्पाल्डिंग नजर आएंगे। थॉमस श्नौज को 'ब्रेकिंग बैड' और 'बेटर कॉल साउ' जैसी सीरीज के लिए जाने जाता है।

खबर के अनुसार, एलेक्जेंड्रा डैडारियो की सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर मेफेयर विचेस को सीजन 3 को नए तरीके से पेश किया जाएगा। इसके तीसरे सीजन में जादू-टोने की कहानियों को और भी गहराई से पेश किया जाएगा। इसके तीसरे सीजन में नए जादुई परिवारों को दिखाया जाएगा और सलेम के ऐतिहासिक चुड़ैल पर फोकस होगा।

'मेफेयर विचेज' के अभी तक दो सीजन आ चुके हैं। पहले दो सीजन न्यू ऑरलियन्स में फिल्माए गए थे, जिसमें सबसे हालिया सीजन 2 मार्च को खत्म हुआ है। 'मेफेयर विचेज' सीरीज ऐनी राइस के उपन्यास 'द लाइव्स ऑफ मेफेयर विच' पर आधारित है। 'मेफेयर विचेज' का तीसरा सीजन एक नए मोड़ के साथ आने वाला है, जहां सलेम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को दिखाया जाएगा।

एलेक्जेंड्रा डैडारियो ने सीरीज को लेकर कहा, 'मैं मेफेयर विच के तीसरे सीजन के लिए हमारी टीम में टॉम श्नौज का स्वागत करते हुए रोमांचित हूं।' एलेक्जेंड्रा डैडारियो ने हाल ही में 'द व्हाइट लोटस' के लिए एमी नामांकन प्राप्त किया और अपने अभिनय के बारे में आलोचकों को करारा जवाब दिया है।

### टॉलीवुड

## 'बीआरबी: फर्स्ट ब्लड' की शूटिंग शुरू निर्माताओं ने जारी किया सुदीप का फर्स्ट लुक



साउथ सुपरस्टार किच्चा सुदीप ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म 'बीआरबी: फर्स्ट ब्लड (बिल्ला रंगा बाशा)' की शूटिंग शुरू होने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। अनूप भंडारी द्वारा निर्देशित और प्राइम शो एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित यह फिल्म पिछले कुछ समय से प्री-प्रोडक्शन में थी और आखिरकार इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। अपने एक्स पोस्ट में किच्चा सुदीप ने लिखा, "2209 एडी-बीआरबी: फर्स्ट ब्लड' आज से यात्रा शुरू हो रही है। हमारे लिए हमारी टीम का यह विशाल सपना और विजन फ्लोर पर जाना एक अनोखा उत्साह है।' एक पोस्टर भी जारी किया गया, जिसमें सुदीप को बर्फीले तूफान में दिखाया गया है, माथे पर बर्फ का चश्मा पहने हुए हैं, जिसमें आग से मची तबाही के दृश्य को दिखाया गया है। 'बीआरबी: फर्स्ट ब्लड' के जरिए सुदीप ने निर्देशक अनूप भंडारी के साथ दोबारा हाथ मिलाया है। इससे पहले दोनों ने 'विक्रांत रोना' में साथ काम किया था, जो सुपरहिट रही थी। पिछले साल किच्चा सुदीप के जन्मदिन पर फिल्म का एक अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया गया था, जिसमें वर्ष 2209 एडी में एक तबाही के बाद के भविष्य में सेट दो-भाग की कहानी के रूप में दुनिया की झलक दिखाई गई थी।

### छॉलीवुड

## महिला प्रधान पारिवारिक फिल्म 'मंगलसूत्र' का मुहूर्त, पूरी यूनिट मौजूद



निर्देशक विकास चंद्रवंशी और निर्माता गणेश गुप्ता की निर्माणाधीन छत्तीसगढी महिला प्रधान पारिवारिक फिल्म 'मंगलसूत्र' का मुहुर्त पूरे विधि विधान व पूजा अर्चना के साथ कबीरधाम के भोरमदेव मंदिर परिसर में किया गया। इस दौरान करण खान, कबीर मानिकपुरी, कंचन विश्वकर्मा, सान्या कम्बोज,शमशीर सिवानी और प्रदीप मानिकपुरी, सहित इस फिल्म के लगभग सभी कलाकार उपस्थित हुए। निर्माता-निर्देशक के मुताबिक यह एक शुद्ध पारिवारिक एवं महिला प्रधान फिल्म है जिसकी कहानी एकदम अलग है, ऐसी फिल्म अब तक के छत्तीसगढ में नही आयी है। इसके गाने भी बेहद कर्णप्रिय है जिसको सुनने के बाद लोग हमेशा गुनगुनायेंगे। कुछ प्रमुख कलाकारों में छत्तीसगढी एवं भोजपुरी फिल्मों के जाने माने अभिनेता ललित उपाध्याय, विनय अम्बष्ट, राधिका सिंह, लता राही,पार्थ मानिकपुरी, अंजलि चंद्रवंशी, शारदा मानिकपुरी, सरवन साहू, रवि मानिकपुरी, रिंकू पटेल, सुरेश लहरे, नारायण लहरे और भागवत मानिकपुरी भी शामिल है। इसमें कॉमेडी का तड़का संतोष निषाद बोचकू और आर मास्टर लगायेंगे। इस फिल्म के लेखक विकास चंद्रवंशी, चीफ असिस्टेंट डायरेक्टर मुक्कू माही, असिस्टेंट डायरेक्टर राधिका सिंह, सरवन साहू, सुरेश लहरे, सिमरन गंधर्व,प्रोडक्शन हेड डॉ. राजेन्द्र जांगडे, प्रोडक्शन मैनेजर प्रदीप मानिकपुरी है। फिल्म के सभी दृश्यों को अपने हुनर से कैमरे में कैद अभिजीत भारती करेंगें। इस फिल्म की शूटिंग इसी सप्ताह प्रारंभ होने जा रही है जो कवर्धा के हसीन वादियों में होगी।




एआई-संचालित वर्चुअल असिस्टेंट और इमर्सिव वीआर जैसी डिजिटल तकनीकें उपभोक्ताओं के कपड़ों की खरीदारी के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रही हैं। 2025 में डिजिटलीकरण और वर्चुअल फिटिंग का एकीकरण प्रचलित फैशन प्रथाओं को आकार देना जारी रखेगा। हालांकि इसमें पुराने फैशन की झलक भी देखने को मिल रही है. जिससे परिधान खुदरा विक्रेताओं को अपशिष्ट को कम करने और इन्वेंट्री प्रबंधन को अनुकूलित करने में मदद मिली है। डिजिटल दौर में फैशन डिजाइनिंग में काफी कुछ बदलाव आया है।

## चेहरे पर ग्लिसरीन लगाने से मिलते हैं ये फायदे



त्वचा पर तरह-तरह ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल किया जाता है। कुछ प्रोडक्ट स्किन को फायदा पहुंचाते हैं, तो अन्य नुकसान। क्या आपने कभी अपने चेहरे पर ग्लिसरीन का इस्तेमाल किया है? ग्लिसरीन त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होता है।

ड्राई स्किन से लेकर ऑइली स्किन तक के लिए ग्लिसरीन का उपयोग किया जा सकता है। आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि चेहरे पर ग्लिसरीन का किन तरीकों से उपयोग करना चाहिए।

ग्लिसरीन वेजिटेबल और एनिमल फैट से बनाया जाता है। यह देखने में क्लियर और कलरलेस होता है। ग्लिसरीन से किसी प्रकार की कोई खुशबू नहीं आती है। यह एक तरह का मॉइश्चराइजर है, जिसका इस्तेमाल चेहरे पर किया जाता है। अगर आपकी ड्राई स्किन है, तो चेहरे पर ग्लिसरीन का उपयोग कर सकती हैं। ग्लिसरीन नेचुरल मॉइश्चराइजर के रूप में काम करता है। चेहरे को साफ करके त्वचा पर ग्लिसरीन लगे आप ग्लिसरीन का इस्तेमाल रोजाना भी कर सकती है

स्किन को ओवर एक्सफोलिएट करने की वजह से स्क्रीन बैरियर डैमेज हो जाता है। यही नहीं, केमिकल प्रोडक्ट्स और दवाइयां के साइड इफेक्ट्स के कारण भी यह समस्या होने लगती है। स्क्रीन बैरियर डैमेज ना हो इसके लिए आप ग्लिसरीन का इस्तेमाल कर सकती हैं। बैक्टीरियल इन्फेक्शन और ड्राई स्किन एक्ने ब्रेकआउट, ये सभी समस्याएं भी डैमेज स्किन बैरियर के लक्षण हैं। स्किन बैरियर डैमेज न हो, इसके लिए त्वचा पर ग्लिसरीन का इस्तेमाल करें। इसके उपयोग से आपकी स्किन हेल्दी रहेगी। हम सभी चाहते हैं कि हमारी त्वचा की रंगत निखरे। स्किन व्हाइटनिंग के लिए बाजार में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स मौजूद हैं। यहां तक कि ट्रीटमेंट भी किए जाते हैं। क्या आप जानती हैं कि कुछ ब्यूटी प्रोडक्ट जैसी ग्लिसरीन से भी त्वचा साफ दिखने लगती है। आप स्किन व्हाइटनिंग के लिए भी ग्लिसरीन को अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना सकती हैं। रोजाना चेहरे पर ग्लिसरीन लगाने से आपको महीने भर में फर्क दिखने लगेगा।

## फंक्शन में दिखना है सबसे अलग स्टाइल कीजिए खास आउटफिट्स





शादी के फंक्शन में शामिल होने के दौरान आप इस तरह के थ्री-पीस सूट स्टाइल कर सकती हैं जो न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। शादी से पहले कई सारे फंक्शन होते हैं और इन फंक्शन में शामिल होने के दौरान महिलाएं खूबसूरत नजर आना चाहती हैं। वहीं, अगर आप शादी के फंक्शन में शामिल हो रही हैं तो और इस दौरान सबसे अलग और खूबसूरत नजर आना चाहती हैं तो, आप इस तरह के करेंगी ये 3 पीस आउटफिट्स इस खास मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। इस आउटफिट में आपका लुक खूबसूरत साथ ही, सबसे अलग नजर आएगा।

### फंक्शन में स्टाइल करें ये 3 पीस आउटफिट्स

शादी के फंक्शन में न्यू और स्टाइलिश लुक के लिए ये 3 पीस आउटफिट्स वियर करने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं और इस आउटफिट को स्टाइल करने के बाद आपका लुक अलग और खूबसूरत नजर आएगा। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजांइस 3 पीस आउटफिट्स दिखा रहे हैं जो आप शादी के फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क श्रग को-ऑर्ड सेट

रॉयल लुक के लिए आप इस तरह के एम्ब्रॉयडरी वर्क श्रग को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस 3 पीस आउटफिट्स में टॉप, प्लाजो साथ ही श्रग है। और इस तरह का आउटफिट आप शादी के फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का आउटफिट आप कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ 2,000 से 3,000 रुपये की कीमत में ले सकती हैं। इस आउटफिट के साथ चोकर या पर्ल वर्क ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इस आउटफिट के साथ आप फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं।

### क्रॉप टॉप, प्लाजो दुपट्टा सेट

न्यू लुक के लिए आप इस तरह के क्रॉप टॉप, प्लाजो दुपट्टा सेट का चुनाव का सकती हैं। इस तरह का क्रॉप टॉप, प्लाजो दुपट्टा सेट आप मेहंदी फंक्शन में वियर कर सकती हैं। इस आउटफिट में जो प्लाजो है वो सिंपल है और दुपट्टा नेट साथ ही, जो क्रॉप टॉप है।

## डायमंड की ज्वेलरी को स्टोर कीजिए बेहद सावधानी से



ज्वेलरी पहनना हर महिला को पसंद होता है। वहीं, अगर ज्वेलरी सोना या डायमंड का हो, तो महिलाएं उसे काफी संभालकर रखना पसंद करती हैं। अगर आपको भी डायमंड की ज्वेलरी पहनना पसंद है, तो इसे खरीदने के बाद सही तरह से स्टोर करना भी आना चाहिए। आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि आप कैसे डायमंड की ज्वेलरी को स्टोर कर सकती हैं।

### ज्वेलरी को एक साथ ना रखें

कई लोग आर्टिफिशियल और डायमंड की ज्वेलरी को एक साथ स्टोर करके रख देते हैं। अगर आप भी ऐसा करती हैं, तो आपको थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है। डायमंड की ज्वेलरी भले कितनी भी महंगी क्यों ना हो, यह काफी नाजुक होता है। गलत तरीके से रखने पर यह टूट सकता है। ऐसे में इसे आपको अलग डिब्बों में रखना चाहिए।

### नाजुक ज्वेलरी को अलग रखें

कई बार डायमंड की छोटी ज्वेलरी जैसे कि नोज पिन गुम हो जाती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि उन्हें हम भारी ज्वेलरी के साथ रख देते हैं। इन छोटी चीजों को इनके डिब्बे में रखना चाहिए। ऐसे में ये सुरक्षित रहते हैं और इन पर दाग भी नहीं लगते हैं।

### भारी ज्वेलरी में होते हैं नुकसान

अगर आप भारी ज्वेलरी को मोड़कर रख देते हैं, तो ये बीच से टूट सकते हैं। चाहे ज्वेलरी कितनी भी महंगी क्यों ना हो, आपको इसे सही तरीके से ही रखना होगा। भारी ज्वेलरी को आप चाहें, तो अलग ज्वेलरी बॉक्स में रख सकती हैं। ऐसे में ये सुरक्षित रहेंगे ।

## लिक्विड लिपस्टिक शेड्स करें ट्राई, मिलेगी तारीफ



जब भी हम कहीं बाहर जाने के लिए तैयार होते हैं, तो उसके लिए सबसे पहले मेकअप करते हैं। इसके लिए हम आउटफिट के हिसाब से अपने मेकअप लुक को क्रिएट करते हैं। लेकिन मेकअप पूरा करने के लिए जरूरी है कि आप लिपस्टिक के सही शेड का ध्यान रखें। इससे लुक अच्छा लगेगा।

### पिंक शेड लिक्विड लिपस्टिक

अगर आप न्यूड शेड्स वाली लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं, तो इसके लिए आप लिक्विड लिपस्टिक शेड को अपने लिप्स पर अप्लाई कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग लिपस्टिक के शेड्स मिल जाएंगे, जिसे आप किसी भी कलर की ड्रेस के साथ अप्लाई कर सकती हैं। लिक्विड लिपस्टिक लगाने के बाद आपको कोई ग्लॉस लगाने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। इसे आप रोजाना अपने लिप्स पर अप्लाई कर सकती हैं।

अगर आप ब्राउन शेड लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं, तो इसके लिए आप ब्राउन लिपस्टिक के अलग-अलग शेड्स को ट्राई कर सकती हैं। लिक्विड लिपस्टिक में काफी अच्छे कलर मिल जाएंगे, जो होठों पर लगने के बाद अच्छे लगेंगे। इसके लिए आप लाइट से लेकर डार्क हर कलर की लिपस्टिक ले सकती हैं। मानसून मेकअप लुक के लिए यह अच्छी लगेगी। इस लिपस्टिक कलर को आप ऑफिस में लगा सकती हैं। इससे आपका लुक सिंपल और एलीगेंट लगेगा।

कार्नर न्यूज

### कॉकटेल पार्टी के लिए सही से तैयार होने में मिलेगी मदद

## कॉकटेल के लिए ऐसे हों तैयार कि आप बन जाएं पार्टी की शान, जानिए कुछ जरूरी टिप्स



कॉकटेल पार्टी का इनविटेशन आया है लेकिन कपड़े क्या पहने समझ नहीं पा रहे हैं तो आपको कॉकटेल पार्टी से जुड़े कुछ खास टिप्स जरूर आजमाने चाहिए। ये वो टिप्स हैं जो कॉकटेल पार्टी के लिए सही से तैयार होने में आपकी पूरी मदद करेंगे। आप इन कपड़ों में परफेक्ट दिखेंगे और पार्टी की शान बन जाएंगे। इस बात की गारंटी है। कॉकटेल पार्टी के लिए कैसे होने चाहिए कपड़े, जानते हैं-कॉकटेल अटायर मुख्य रूप से कॉकटेल पार्टी,शाम के इवेंट,रिसेप्शन और डिनर डेट पर पहनते हैं।

### फैब्रिक के बारे में सोचिए

वेलवेट और सिल्क जैसे फैब्रिक कॉकटेल पार्टी में अच्छे लगते हैं। इस पर कुछ खास तरह के चेक हों तो और अच्छा है।

### कैजुअल पहन सकते हैं लेकिन खास तरह से

कॉकटेल पार्टी में पूरी तरह से फॉर्मल कपड़े ही पहनने होते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि कैजुअल पहनेंगे तो दिक्कत होगी। बस इसे खास तरह से पहनना होगा। जैसे आप टीशर्ट पहन सकते हैं लेकिन कोट के अंदर। डेनिम को भी इसी तरह ड्रेस में शामिल किया जा सकता है।

### कलर का रखें ध्यान

ज्यादातर बार कॉकटेल पार्टी के लिए रंग का इनविटेशन में ही बता दिया जाता है। लेकिन फिर भी आपको रंग का इस्तेमाल करना ना समझ आए तो आप उन रंगों को एसेसरीज में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आपको कपड़ों के रंग भी गहरे और थोड़े रिच ही चुनने होंगे। मिडनाइट ब्लू भी एक अच्छा ऑप्शन होता है, इस कलर में फोटो भी अच्छी आती है। आप अंदर सफ़ेद टी शर्ट भी पहन सकते हैं। ये लुक तेज रोशनी में बहुत अच्छा लगेगा।

### साफ-सफाई है जरूरी

आपने कितने भी अच्छे कपड़े पहने हों लेकिन आपने इनकी साफ-साफी अपर ध्यान नहीं दिया है तो आपकी साड़ी मेहनत बेकार ही जाएगी। इसलिए कड़े वही चुनें जो साफ़ हों और जिनमें अच्छे से क्रीज बनी हो।

